दैनिक
# गरीबों का सितारा
।।दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय
RNI : RAJHIN13216/2005
वर्ष: 18 अंक: 3 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, सोमवार 31 जुलाई, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

पवित्र श्रावण माह के चतुर्थ सोमवार की हार्दिक शुभकामनाएं

## वायुसेना ने लड़ाकू विमान तेजस को कश्मीर भेजा

### घाटी में उड़ान की प्रैक्टिस कर रहे पायलट; यह इलाका चीन-पाकिस्तान बॉर्डर के चलते संवेदनशील

सितारा न्यूज नेटवर्क

**श्रीनगर।** भारतीय वायु सेना ने जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा एयरबेस पर हल्के लड़ाकू विमान तेजस MK-1 को तैनात किया है। सेना का कहना है कि उसके पायलट्स घाटी में उड़ान की प्रैक्टिस कर रहे हैं। कश्मीर, पड़ोसी देशों चीन-पाकिस्तान के लिहाज से संवेदनशील है। तेजस MK-1 मल्टीरोल हल्का लड़ाकू विमान है जो वायुसेना को कश्मीर के जंगल और पहाड़ी इलाकों में और मजबूत करेगा।

भारतीय वायु सेना के पास मौजूदा वक्त में 31 तेजस विमान हैं। सेना जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अपने विमानों को पहले भी ले जाती रहती है ताकि उन्हें हिमालय की घाटियों में उड़ान भरने का एक्सपीरियंस मिलता रहे।

भारतीय वायु सेना तेजस की कैपेबिलटीज बढ़ाने की पुरजोर समर्थन कर रही है। वायु सेना ने पहले ही अपने दो स्क्वाड्रनों को इसके इनीशियल और फाइनल ऑपरेशन की मंजूरी दे दी है। वहीं




83 मार्क1अ के लिए एक कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। ये सभी 83 विमान एक या दो साल में सेना को मिल जाएंगे। हालांकि सेना की नजर DRDO में डेवलप किए जा रहे LCA मार्क-2 और एडवांस्टड मल्टीरोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट AMCA पर भी है। ये लड़ाकू विमान पहले से ही पाकिस्तानी और चीनी JF-17 फाइटर जेट की तुलना में कहीं ज्यादा ताकतवर हैं। इसमें हैमर जुड़ने से यह विमान और ज्यादा हाईक्लास हो गया है।

#### आखिर तेजस की जरूरत क्यों पड़ी?

पिछले पांच दशक में 400 से ज्यादा MiG-21 विमान क्रैश होने की वजह से भारत सरकार इसे रिप्लेस करना चाह रही थी। तेजस, MiG-21 की जगह लेने में कामयाब हुआ। वजन कम होने की वजह से यह समुद्री पोतों पर भी आसानी से लैंड और टेक ऑफ कर सकता है। यही नहीं, इसकी हथियार ले जाने की क्षमता MiG-21 से दोगुनी है। स्पीड की बात करें तो राफेल से 300 KMPH ज्यादा रफ्तार तेजस की है।

फरवरी 2023 में इंडियन एयरफोर्स ने पहली बार लड़ाकू विमान तेजस को मिलिट्री एक्सरसाइज के लिए देश से बाहर भेजा था। संयुक्त अरब अमीरात में डेजर्ट फ्लैग नाम से 27 फरवरी से 17 मार्च तक मिलिट्री एक्सरसाइज हुई, जिसमें भारत की तरफ से 5 लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और 2 सी-17 शामिल हुए थे।

**अटल बिहारी वाजपेयी ने एयरक्राफ्ट को तेजस नाम दिया था:** करीब 18 सालों की कड़ी मेहनत के बाद जनवरी 2001 में पहली बार स्वदेशी फाइटर जेट तेजस ने हिंदुस्तान के आसमान में उड़ान भरी थी। उस वक्त अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री थे। 2003 में वाजपेयी ने ही इसे 'तेजस' नाम दिया था। तब प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कहा था कि ये संस्कृत शब्द है, जिसका मतलब 'चमक' है।

## PSLV-C 56 ने सिंगापुर के 7 उपग्रहों को किया सफलतापूर्वक प्रक्षेपित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन में अपने सबसे ताकतवर प्रक्षेपण वाहन पीएसएलवी-सी56 के माध्यम से रविवार को श्रीहरिकोटा की एसएचएआर रेंज के स्पेसपोर्ट से प्राथमिक पेलोड डीएस-एसएआर (एक रडार इमेजिंग अर्थ ऑब्जर्वेशन) उपग्रह सहित सिंगापुर के सात उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

**21 मिनट की उड़ान के बाद कक्षा में स्थापित:** पीएसएलवी-सी 56 / डीएस-एसएआर, एसटी इंजीनियरिंग, सिंगापुर के लिए न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का समर्पित वाणिज्यिक मिशन है। लगभग 25 मिनट की उड़ान अवधि के बाद, सभी सात उपग्रहों को सटीक कक्षा में स्थापित किया गया। पीएसएलवी-सी56 ने 21 मिनट की उड़ान अवधि के बाद सबसे पहले प्राथमिक पेलोड, डीएस-एसएआर (एक 360 किलोग्राम रडार इमेजिंग पृथ्वी अवलोकन उपग्रह) को 5 डिग्री झुकाव और 535 किमी ऊंचाई पर एक निकट-भूमध्यरेखीय कक्षा (एनईओ) में स्थापित किया।

## पाकिस्तान में बम विस्फोट 44 की मौत, 200 घायल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले में रविवार अपराह्न एक राजनीतिक रैली के दौरान बम विस्फोट में 44 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हो गए।

प्रांतीय राजधानी पेशावर में गवर्नर कार्यालय के अधिकारी ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों ने विस्फोट में 44 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है, आशंका है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में से कम से कम 50 की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि गवर्नर ने सभी संबंधित अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम उपलब्ध इलाज प्रदान करने की सलाह दी है और अगर आवश्यक हो, तो उन्हें पेशावर और राजधानी इस्लामाबाद सहित अन्य शहरों में हवाई मार्ग से ले जाने की व्यवस्था करनी चाहिए। मलकंद डिवीजन के क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय के अधिकारी नासिर महमूद सत्ती ने मीडिया को बताया कि हमला उस समय हुआ जब जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल के राजनीतिक कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन शांडेय मोड़ बाजौर के मुंडा खार रोड पर क्षेत्र के पास आयोजित किया गया था।

## विद्युत लाइन से टकराया ताजिया करंट से तीन की मौत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर।** शहर में रविवार सुबह मोहर्रम का ताजिया दफनाने जा रहे चार युवक करंट की चपेट में आ गए, जिससे 3 युवकों की मौत हो गई है। वहीं एक युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। चारों युवक अपने कंधे पर इस्लामपुरा का पंचायती ताजिया लेकर शेरगढ़ किले के पास कर्बला में खाक करने जा रहे थे। हादसा रविवार सुबह करीब 8 बजे हुआ।

इस्लामपुरा का ताजिया मोहर्रम के अगले दिन सुबह कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किया जाता है। इसलिए रविवार सुबह ताजिया लेकर युवा निकले थे, लेकिन ताजिया ऊंचा होने की वजह से 11 हजार केवी के बिजली तार से टकरा गया। जिससे ताजिए में करंट दौड़ गया। ताजिया लेकर जा रहे इस्लामपुरा पुराना शहर



धौलपुर निवासी मुवीन (30) पुत्र दिलशाद, अवरार (16) पुत्र मुनव्वर, रिहान (18) पुत्र साबिर और वसीम (18) पुत्र दिलशाद करंट की चपेट में आ गए। जिन्हें साथी युवाओं ने तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने 1 घंटे तक चारों का उपचार किया। जिसके बाद वसीम को तो होश आ गया, लेकिन अवरार, रिहान और मुवीन की मौत हो गई। मौत की सूचना से लोगों में रोष छा गया। लोगों ने जिला अस्पताल परिसर के बाहर मुख्य चौराहे पर जाम लगा दिया और धरने पर बैठ गए। करीब 2 घंटे तक रास्ता जाम रहा। लोगों ने पुलिस प्रशासन एवं विद्युत निगम के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

मामले की सूचना मिलते ही जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल, एसपी मनोज कुमार, धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह, पूर्व विधायक अब्दुल सगीर खान, पूर्व सभापति रितेश शर्मा, विवेक सिंह बोहरा, एडीएम राजकुमार कस्बा, एडिशनल एसपी ओमप्रकाश मीणा, सीओ सिटी सुरेश सांखला, शहर काजी मतीन खान गोरी, डीएसटीसी टीम, कोतवाली, सदर और निहालगंज थाने का पुलिस जाब्ता एवं पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। इस दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आक्रोशित लोगों को काफी समझाने की कोशिश की और उचित कार्यवाही एवं मुआवजा देने का आश्वासन दिया, लेकिन आक्रोशित लोग तुरंत कार्रवाई करने की बात पर अड़े रहे।

### कलक्टर ने की त्वरित कार्रवाई, मुआवजे का दिया आश्वासन

मौके पर ही जिला कलक्टर ने प्रथम दृष्टया मामले में लापरवाही बरतने वाले जेईएन अमित कुमार और लाइनमैन कृष्ण मुरारी बघेला तथा दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने के आदेश दिए। इसके साथ ही सरकार से जल्दी से जल्दी उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर लोगों का गुस्सा शांत हुआ और जाम को खोला गया। जिसके बाद तीनों मृतकों के शवों की पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

## कांग्रेस को 'हरसाना' जैसे नेताओं को फ्रंट लाइन पर लाने की अहम जरूरत

### सामाजिक सरोकारों के कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले और हर जाति बिरादरी में लोकप्रिय नेता नेता ही पार्टी के जीत की राह को बना सकते हैं आसान

सितारा न्यूज नेटवर्क



सितारा न्यूज नेटवर्क
पालिटिक्स
बिग स्टोरी
गरीबों का सितारा
सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकार पार्टी के संगठन को बूथ लेवल पर मजबूत करने के साथ-साथ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जिताऊ और लोकप्रिय उम्मीदवार की तलाश में गंभीरता से मंथन कर रहे हैं, उम्मीदवारों की तलाश में कांग्रेस के दिल्ली दरबार के अलावा प्रदेश में सत्ता और संगठन की ओर से भी विधानसभा वार पार्टी के उम्मीदवारों की तलाश की प्रक्रिया सतत जारी है, कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के मुताबिक पार्टी के मौजूदा विधायकों में से करीब आधे विधायकों को ही दुबारा से मैदान में उतारे जाने की संभावना है बाकी विधायकों का पत्ता साफ हो सकता है जिसके पीछे कारण यह बताया गया है।

कि विधायकों उनके निर्वाचन क्षेत्र में फीडबैक अच्छा नहीं रहा, जिन विधायकों का टिकट कट सकता है उनमें गहलोत और पायलट दोनों के समर्थक विधायकों में से कई शामिल हैं, हालांकि पार्टी हाईकमान ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव से संबंधित प्रत्येक काम के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा को पूरी तरह से फ्री हैंड दिया हुआ है इसलिए कहना गलत नहीं होगा कि चुनाव में टिकट वितरण में गहलोत की भूमिका अहम रहेगी, गहलोत यह भी जानते हैं कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें काफी सोच समझकर और पूरा भरोसा उन पर रखते हुए ही उन्हें फ्री हैंड दिया है इसलिए प्रदेश में दोबारा से कांग्रेस पार्टी की सरकार को रिपीट करवाने की प्रमुख जिम्मेवारी गहलोत के कंधों पर ही आ गई है अगर चुनाव के नतीजे कांग्रेस पार्टी के खिलाफ रहे तो फिर निश्चित रूप से पार्टी के दिल्ली दरबार में गहलोत का राजनीतिक वर्चस्व कम होगा इसलिए आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से उम्मीदवारों के चयन में काफी पारदर्शिता बढ़ती जा रही है इस बार किसी भी नेता के लिए टिकट हासिल करने में राजनीतिक पहुंच ज्यादा काम नहीं आएगी बल्कि विधानसभा वार पब्लिक और कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं की राय के आधार पर ही टिकट बांटे जाने की प्रबल संभावना है, इन तमाम परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश के राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं कि इस बार अगर चुनाव में कांग्रेस पार्टी हर जाति और बिरादरी के लोगों में लोकप्रिय और मजबूत छवि रखने वाले कर्मठ और जोशीले नेता को टिकट देती है तो निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी की जीत की राह काफी आसान हो सकती है क्योंकि विगत 5 साल में कोरोना महामारी की वजह से करीब 3 साल काफी कष्टदायक रहे हैं लेकिन इन विपदा के 3 सालों में विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं ने भी संकट के समय जरूरतमंद लोगों की काफी सेवा की जिसकी वजह से उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी अलग पहचान और मुकाम हासिल किया, लोग अब ऐसे ही नेताओं को राजस्थान विधानसभा में देखना चाहते हैं।

इसलिए प्रदेश की राजनीति की बारीकी से समझ रखने वाले लोगों का कहना है कि अगर इस बार चाहे कांग्रेस पार्टी हो या फिर भाजपा सामाजिक सरोकारों के कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले अपने ही दल के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारती है तो निश्चित रूप से ऐसे नेता पार्टी के रणनीतिकारों के विश्वास पर खरे उतर सकते हैं क्योंकि प्रदेश की जनता अब भी उन नेताओं को अपने दिल से एक सेकेंड के लिए भी अलग रखने के बारे में नहीं सोचती जिन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालकर उनकी हर संभव मदद की इसलिए इस बार अगर कांग्रेस पार्टी भी सामाजिक सरोकारों के कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले हर जाति और बिरादरी के लोगों में गजब की पैठ रखने वाले नेताओं को टिकट देने के बारे में गंभीरता से विचार करेगी तो निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी की जीत की राह आसान हो सकती है।

### शिवप्रताप हरसाना जैसे नेता विरोधियों की बोलती बंद करने में है माहिर

पुलिस की हाई प्रोफाइल नौकरी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी में संगठन के कामकाज में विगत कई सालों से अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे शिवप्रताप हरसाना की गिनती कांग्रेस के कर्मठ जोशीले ऊर्जावान नेताओं में होती है इनकी पत्नी जयपुर जिला परिषद की सदस्य है तथा हरसाना गुर्जर समाज के दबंग और प्रतिष्ठित नेता माने जाते हैं हालांकि अपने सामाजिक सरोकारों के कामों के लिए हर जाति और बिरादरी के लोगों में काफी लोकप्रिय हैं चाहे किसी भी समाज और बिरादरी मंदिर निर्माण करने की बात हो या फिर गरीब कन्याओं के विवाह का विषय हो या फिर गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाने का मामला हो या फिर धर्मशाला, स्कूल के भवन निर्माण करने की बात हो हर काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं जिसकी वजह से गुर्जर समाज में ही नहीं बल्कि जयपुर और गुर्जर बाहुल्य सभी जिलों में हर जाति और बिरादरी के लोगों में काफी लोकप्रिय हैं पिछले दिनों भाजपा सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया के साथ गुर्जर समाज के एक कार्यक्रम में उन्होंने जौनपुरिया की टांग खिंचाई करने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी, जौनपुरिया और हरसाना दोनों के बीच मंदिर में दान करने की राशि की घोषणा करने को लेकर और सी मच गई थी जिसमें हरसाना जौनपुरिया पर काफी भारी पड़ गए थे इसलिए कांग्रेस पार्टी को इस समय हरसाना जैसे नेताओं की सख्त जरूरत है, हरसाना जैसे नेता भाजपा से मुकाबला करने के लिए हर दांवपेच की चाबी अपने पास रखते हैं जानकारों का



कहना है कि गुर्जर समाज ही नहीं बल्कि अन्य जाति और बिरादरी के लोग हरसाना पर चुनाव लड़ने का जबरदस्त दबाव बनाए हुए हैं लेकिन अभी हरसाना जल्दी बाजी में कोई निर्णय लेना नहीं चाहते हरसाना की कोशिश यही है कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बने इसके लिए अपनी पत्नी को साथ लेकर अपने प्रभाव वाले इलाकों में कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आसानी से देखें भी जा सकते हैं।

## जयपुर एयरपोर्ट पर कल से शुरू होगी घरेलू कार्गो सेवाएं




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन एक अगस्त रात 12 बजे से 2300 मेट्रिक टन प्रतिमाह क्षमता के घरेलू कार्गो इकाई (टर्मिनल) शुरू करेगा। इंडिगो एयरलाइंस को नए कार्गो यूनिट में ऑनबोर्ड कर लिया गया हैं, जिसके बाद अब एयरलाइन्स अपना सारा डोमेस्टिक कार्गो बिजनेस नए कार्गो यूनिट से संचालित करेगी। नई कार्गो इकाई 550 वर्ग मीटर के क्षेत्र को कवर करती है और मासिक रूप से 2300 मीट्रिक टन कार्गो को संभालने में सक्षम है। इसके लिए एयरपोर्ट प्रशासन ने एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया से जरूरी अनुमति ले ली है। कार्गो टर्मिनल के प्रबंधन और संचालन के लिए एयरपोर्ट प्रशासन ने एक निजी कंपनी बैंगलोर एयरपोर्ट टर्मिनल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है जो कार्गो सेवाओं का संचालन करेगी। कार्गो टर्मिनल शुरू होने से जयपुर एयरपोर्ट से देश के दूसरे शहरों के लिए कीमती सामान, दवाइयां, मृत देह, दस्तावेज, फल, सब्जी, खान-पान के पैक्ड आइटम, चिल्ड-फ्रोजन फिश, स्पेयर पार्ट्स, टैक्सटाइल्स, डाक, कूरिअर आइटम, खराब होने वाले सामान, ई-कॉमर्स आइटम और अन्य तरह की डेंजरस श्रेणी की सामग्री भी भेजी जा सकेगी। एयरपोर्ट प्रशासन को राज्य और केन्द्रीय नियामक एजेंसियों से सभी आवश्यक सरकारी अनुमतियां और अनुमोदन प्राप्त हो गए हैं। कार्गो इकाई को संचालित करने के लिए टैरिफ और अन्य दर कार्ड एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी आफ इंडिया की ओर से तय और निर्धारित किए जाते हैं। अथॉरिटी हर केटेगरी के एयरपोर्ट के लिए कार्गो दरें एक समान रखती हैं।

## जेडीसी से मिले राजवी एवं लाहोटी

**जयपुर।** विद्याधर नगर और सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की कई कॉलोनियों में बारिश का पानी भरने की समस्या को लेकर रविवार को विधायक नरपत सिंह राजवी और अशोक लाहोटी ने जेडीए मुख्यालय में जेडीसी डॉ. जोगाराम से मुलाकात की। विद्याधर नगर विधायक नरपत सिंह राजवी ने बताया कि सीकर रोड, ढहर का बालाजी, सिरसी रोड, बैनाड़ रोड, निवारू रोड, झोटवाड़ा, खिरनी फाटक, 14 नंबर पुलिया, भवानी नगर सहित अन्य स्थानों पर पानी भरता है। यहां पानी की निकासी नहीं है। इसको लेकर जेडीए अधिकारियों से मुलाकात की है। राजवी ने बताया कि सीकर रोड लेवल डिफरेंस एवं पानी के कैचमेंट एरिया में गलत पट्टे जारी करने से जगह-जगह भर रहा हैं। इसे निरस्त करने को लेकर भी कहा है। राजवी ने सड़क का अलाइमेंट खराब होने के चलते पानी भराव होना बताया है।लोहोटी ने बताया कि सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में रामपुरा रोड, कनक विहार, केसरी चंद चौधरी नगर, मदरामपुरा, भांकरोटा अजमेर रोड की कॉलोनिया, मुहाना मोड़, शिकारपुरा रोड, मानसरोवर, पृथ्वीराज नगर, दुर्गापुरा, गोपालपुरा बाइपास, प्रताप नगर, पिंजरापोल गौशाला के पास सहित अन्य स्थानों पर पानी भराव होता है।

| पूर्वानुमान> | | सोम | मंगल | बुध | गुरु |
|---|---|---|---|---|---|
| 28° | अधिकतम> | 33°c | 32°c | 31°c | 31°c |
| | न्यूनतम> | 27°c | 27°c | 26°c | 26°c |

## पुस्तक का लोकार्पण कार्यक्रम आरएएस क्लब में हुआ आयोजित

# शुभ कार्य : राजस्थान 'मुद्रांक एवं पंजीयन विधियां' पुस्तक का हुआ लोकार्पण







सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** शहर में आरएएस भगवत सिंह राठौड़, अति. महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक एवं उमेश जोशी सेवानिवृत्त एएओं द्वारा लिखित पुस्तक 'राजस्थान मुद्रांक एवं पंजीयन विधियां' का विमोचन एवं लोकार्पण किया गया। आरएएस क्लब में आयोजित एक गरिमामय समारोह में पुस्तक का लोकार्पण, आईएएस राजेश्वर सिंह अध्यक्ष राजस्व मंडल आईएएस के.के. पाठक, शासन सचिव वित्त (राजस्व), शासन विशिष्ठ सचिव आईएएस नरेश ठकराल, आईएएस महावीर प्रसाद निबंधक एवं महानिरीक्षक राजस्व मंडल, आईएएस पवन अरोड़ा, कमिशनर हाउसिंग बोर्ड एवं गौरव बजाड़ अध्यक्ष राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद द्वारा किया गया।

### कई उच्च अधिकारियों ने की शिरकत



### लोकार्पण में कई उच्च पदाधिकारियों ने की शिरकत

इस अवसर पर पूर्व आईएएस जी.एस. कुशवाहा, धर्मेन्द्र भटनागर, आईएएस अरुण गर्ग, आईएएस टीकम चंद बोहरा, आईएएस शरद मेहरा, आरएएस शाहीन अली, आएएस पंकज ओझा, आएएस विनोद पुरोहित, आएएस जी.एस. राठौड़, आरएस शरद तिवारी, शिराज अली जैदी, आदि के साथ अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे एवं तहसीलदार सेवा के अध्यक्ष और अन्य अधिकारीगणों द्वारा गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की गई। इस अवसर पर पुस्तक के प्रकाशक राजेन्द्र बाफना भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आरएएस राजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया।

### पुस्तक की हुई बहुत सराहना

पुस्तक का प्रकाशन बाफना पब्लिकेशन द्वारा किया गया एवं श्री पारस बाफना द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर लेखक आएएस भगवतसिंह राठौड़ द्वारा बताया गया कि राजस्थान में पूर्व के स्टाम्प एक्ट से संबंधित सभी नियम एवं न्यायालयों के प्रमुख-प्रमुख निर्णय एक स्थान पर संकलित नहीं थे, इस समस्या को दृष्टिगत रखते हुए सभी अधिकारियों को इससे संबंधित कानूनों, नियम, परिपत्र, विभिन्न न्यायालयों के प्रमुख सभी निर्णयों को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके, इस हेतु इस पुस्तक को लिपिबद्ध किया गया जो सभी अधिकारी के साथ आमजन के लिए समान रूप से उपयोगी होगी। आईएएस राजेश्वर सिंह द्वारा इस शानदार पुस्तक की प्रस्तुति की सराहना की गई एवं इस पुस्तक की विषय वस्तु के उपयोगी होने हेतु विचार व्यक्त किए गए। साथ ही के के पाठक आईएएस द्वारा विधि के नियमो की सरलता और टेक्नोलॉजी के युग में आमजन के उपयोगी होने हेतु सरलीकरण पर जोर दिया गया। अन्य अधिकारी महानुभावों द्वारा भी इस पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बोलते हुए पवन अरोरा आईएएस द्वारा उनके द्वारा किये गए सुधारो पर भी प्रकाश डाला गया और रास 3 एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव बजाड़ द्वारा लेखक को शुभकामनाएं दी गयी। आरएएस पंकज ओझा और विनोद पुरोहित द्वारा लेखक भगवतसिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।



### पंचाग

**दिनांक: 31जुलाई 2023 सोमवार**

**विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | त्रयोदशी | 07:26:02 |
| तिथि | चतुर्दशी27:51:23(क्षय ) | |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | पूवार्षाढा | 18:57:22 |
| योग | विश्कुम्भ | 23:03:28 |
| करण | तैतुल | 07:26:02 |
| करण | गर | 17:41:25 |
| करण | वणिज | 27:51:23 |
| चन्द्र राशि | धनु | 24:15:04 |
| चन्द्र राशि | मकर | 24:15:04 |
| सूर्य राशि | मिथुन | दिशा शूल पूर्व |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:51:44 |
| सूर्यास्त | 19:14:29 | |
| चंद्रोदय | 18:22:37 | |
| चंद्रास्त | 06:18:35 | |
| राहू काल | 07:32 - 09:12 | |
| अभिजित | 12:06 - 13:00 | |
| | **शुभ चोघडिया** | |
| अमृत | 05:52 - 07:32 | शुभ |
| शुभ | 09:12 - 10:53 | शुभ |
| चर | 14:13 - 15:54 | शुभ |
| लाभ | 15:54 - 17:34 | शुभ |
| अमृत | 17:34 - 19:14 | शुभ |



**विशेष जानकारी**
**पूर्णिमा व्रतः-कल**

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## जिला परिषद सदस्य रामकेश मीणा ने जल संसाधन मंत्री से जलापूर्ति से सम्बंधित समस्याओं से करवाया अवगत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** जिला परिषद सदस्य रामकेश मीणा ने केंद्रीय जल संसाधन एवं जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मिलकर बस्सी विधानसभा क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्या एवं जल जीवन मिशन में हो रही गड़बड़ी से अवगत करवाया गया और जल जीवन मिशन की शुरूआत 2019 में प्रधानमंत्री द्वारा की गई थी जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पानी की सुविधा उपलब्ध करवाना है लेकिन राज्य सरकार इस कार्य में बहुत देरी कर रही हैं जिससे बस्सी क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतो में अभी तक भी जलापूर्ति नहीं हुई है। इस पर केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री ने कहा कि इस पर विचार कर-के जल्दी ही बस्सी विधानसभा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतो मे जलापूर्ति सुचारू रूप से उपलब्ध करवाई जाएगी इस दौरान मीणा के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## दिया धन्यवादः यादव समाज ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दिया धन्यवाद

# श्रीकृष्ण बोर्ड के गठन के ऐलान के बाद यादव समाज ने किया शुक्रिया अदा

**यादव समाज के हित में काम करने वाली पार्टी को देंगे समर्थन : मंजू लता यादव**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** माननीय मुख्यमंत्री गहलोत ने श्रीकृष्ण बोर्ड के गठन की घोषणा की ओर साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सेना में अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग का समर्थन करते हुए इसके लिए केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा। मंजु यादव, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय अहीर महासभा के नेतृत्व में रविवार को मुख्यमंत्री गहलोत को धन्यवाद देने का कार्यक्रम होटल हाईवे किंग में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पत्रकारों से वार्ता में मंजू यादव ने कहा कि हम सब राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को धन्यवाद देने के लिए एकत्रित हुए हैं। मंजू यादव ने इस अवसर पर यह भी कहा कि आगामी चुनाव में पुरा यादव समाज एकजुट होकर उसी पार्टी का समर्थन करेगा जो पार्टी यादव समाज के हित में काम करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव ने कहा।




### कार्यक्रम में कई संगठनों के समाज बंधु हुए शामिल

राज्य सरकार द्वारा समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास के लिए निःशुल्क जमीन आवंटित की गई। इन छात्रावासों में विद्यार्थी अध्ययन कर अपने उज्वल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. करण सिंह यादव, डॉ. रामगोपाल, हरसहाय यादव, भारत यादव, डॉ सुनीता यादव, सरवन यादव, रमेश यादव, सुमन प्रधान, सतपाल, विपिन यादव, तेजराज यादव , छुट्टन यादव सहित समाज के सैंकड़ों गणमान्य लोग बड़ी संख्या में कई प्रतिनिधिमंडलो के सदस्य उपस्थित रहे।

## जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिला तो कठूमर क्षेत्र में होंगे अभूतपूर्व विकास कार्य : राकेश बैरवा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** आगामी विधानसभा चुनाव में कठूमर से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपनी प्रबल दावेदारी जता रहे अलवर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राकेश बैरवा ने कठूमर विधानसभा क्षेत्र के गांव इटेडा में जनसंपर्क कर अपने पक्ष में समर्थन जुटाया। बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार ने प्रदेशवासियों के हित में नए आयाम स्थापित किए हैं जिससे प्रदेश में खुशहाली का माहौल है। उन्होंने कहा कि कठूमर विधानसभा क्षेत्र को बैकवर्ड इलाके में गिना जाता है इस बार यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो कठूमर के अभूतपूर्व विकास कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते हुए यहां के स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए जनहित में कार्य कराए जाएंगे।

# आयुर्वेदिक औषधालय स्थानीय लोगों के लिए निश्चित तौर पर होगा वरदान साबित : मंत्री जूली





सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/ अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली एवं आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग के मुख्य आतिथ्य में किशनगढबास के राजकीय अस्पताल परिसर में 18 लाख रुपए की लागत से विधायक निधि कोष से राजकीय औषधालय के नवीन भवन का लोकापर्ण विधिवत फीता काटकर किया गया। मंत्री जूली ने लोकार्पण समारोह के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य सरकार निरन्तर नवाचार करते हुए प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना में बेहतर प्रबंधन के कारण राजस्थान पूरे देश में मॉडल स्टेट के रूप में पहचाना गया। उन्होंने कहा कि राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय निश्चित तौर पर स्थानीय लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार निरोगी राजस्थान के ध्येय के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में निरन्तर विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद ऐसा विज्ञान है जिसमें बिना कोई साइडिफेक्ट के रोगी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। पूरा विश्व आज तमाम परिवर्तनों के बावजूद इस प्राचीन पद्धति की ओर लौट रहा है। आयुर्वेद की लोकप्रियता देश में ही नहीं वरन् विदेशों में भी काफी बडी है तथा वर्तमान समय में आयुर्वेद के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है। आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू कर पूरे देश में नजीर पेश की है। राजस्थान सरकार का यह कदम निश्चित तौर पर प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य को जहां मजबूत करेगा वहीं उन्हें आर्थिक संबल भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि देश में कोरोना संकट के समय आयुर्वेद पद्धति से बनी दवाइयों ने लोगों को नया जीवनदान दिया। उन्होंने कहा कि निःशुल्क दवा, निःशुल्क इलाज एवं जनता क्लिनिक निश्चित तौर पर प्रदेश की जनता के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के सभी जिलों में योग नेचरोपैथी कॉलेज के संचालन से योग को बढ़ावा मिला है जो कि मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। राज्य सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में आयुर्वेदिक औषधालय खोले जा रहे हैं।

### विशेष सौगात मिलने से निवासी खुश

राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं किशनगढबास विधायक दीपचन्द खैरिया ने कहा कि राजकीय औषधालय यहां के वाशिन्दों के लिए विशेष सौगात है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए आयुर्वेद एक बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि किशनगढबास क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं रखी गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र में विकास के उल्लेखनीय कार्य कार्य कराए गए है तथा जो कार्य शेष हैं उन्हें भी यथाशीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने खैरथल को जिला बनाने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताते हुए कहा कि अब यहां के विकास को नई गति मिलेगी।

### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, प्रधान बी.पी सुमन, विनोद कुमारी सांगवान, खैरथल ओएसडी डॉ. ओमप्रकाश बैरवा, गिरिश डाटा, रिपुदमन गुप्ता, संदीप अग्रवाल, धीरूभाई, शेरसिंह चौधरी, बीसीएमएचओ डॉ. केशव सोनी, अस्पताल प्रभारी डॉ. अतुल गौड, सूरत सिंह खैरिया सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## पीसीसी सचिव आलोक पारीक ने किया बस्सी विधानसभा क्षेत्र का दौरा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** रविवार को बस्सी नगरपालिका क्षेत्र के कल्याण गार्डन में पीसीसी सचिव आलोक पारीक ने कांग्रेस कार्यकताओं के साथ मीटिंग ली और आने वाले विधानसभा चुनाव में बस्सी से कांग्रेस को जिताने पर जोर दिया गया और इस दौरान साथ में बस्सी विधायक लक्ष्मण मीना , गिर्राज सामोत्या सदस्य कांग्रेस कमेटी, सुरेंन्दर सिंह बराला ज़िला परिषद सदस्य ,नवीन सिंह कनोता अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बस्सी,राजेन्द्र कुमार सेनी,राजेश अत्रि पीसीसी कंट्रोल रूम ,बी.एम.मिश्रा पीसीसी कंट्रोल रूम ,खांगा राम चौधरी पीसीसी कंट्रोल रूम, अक्षय पारीक महासचिव जयपुर शहर, भीमराज प्रजापति मंडल अध्यक्ष, मुकेश प्रजापति,इंद्रा शर्मा प्रधान बस्सी,गणेश नारायण पूर्व प्रधान ,बेनीप्रसाद कटारिया पूर्व ज़िलापरिषद सदस्य,मंडल अध्यक्ष रामलाल खोलिया,राजेन्दर कालावनियाँ,रामेश्वर गोटवाल, लक्ष्मीनारायण बागडा बिलवा ओर जनप्रतिगण ओर सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### सरपंच नवल किशोर गुर्जर ने पपलाज माता(लालसोट) की पदयात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

सितारा न्यूज नेटवर्क



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीलेटा मुख्यालय पर रविवार को पपलाज माता (लालसोट) दौसा के हर वर्ष की भांति पदयात्रा रवाना हुई इस पदयात्रा को स्थानीय सरपंच नवल किशोर गुर्जर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। माता की पैदल यात्रा मे महिला-पुरूषो ने बढ़चढ़कर रूचि दिखाई और सैकड़ो महिलाओ पुरूषो तथा बच्चो ने पदयात्रा मे भाग लिया जो हर वर्ष ही माता के पैदल जाते है। स्थानीय सरपंच नवल किशोर गुर्जर ने बताया कि साधूराम मीना , श्योदान , रामस्वरूप , ईश्वर , महेंद्र , रमेश तथा दीनदयाल सहित अनेक महिला पुरुषो ने पदयात्रा प्रारम्भ की जो दौसा जिले के लालसोट मे स्थित पपलाज माता के जाकर सम्पूर्ण होगी। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय सरपंच नवल किशोर गुर्जर के द्वारा दी गई है।

### भागवत कथा की पूणार्हुति पर आयोजित भण्डारे में हजारों लोगों ने ली प्रसादी





सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** कस्बे के राजपुरा मोहल्ला स्थित माधवानंद आश्रम में 23 जुलाई से चल संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा पूणार्हुति के साथ संपन्न हुई। भागवत कथा गोपालगढ़ त्रिवेणी धाम की सुनीता बहन द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जा रहा था। भागवत कथा संपन्न होने पर रविवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमे श्रद्धालुओं ने धोक देकर पंगत-प्रसादी ग्रहण की। गत रात्रि को कलाकार कमल मनोहर, बृजेश सोनी, कल्याण गुर्जर द्वारा सम्पूर्ण रात्री भजन-सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आश्रम साध्वी विदुषी सरस्वती ने भागवत कथा के सफल आयोजन के लिए सभी भामाशाह व ग्रामीणों का आभार प्रकट किया हैं। इस मौके पर नवरंगपुरा से रामानंद सरस्वती, रोहिताश सैनी, सोहन लाल सैनी, कानाराम सैनी, रामनिवास प्रजापत, देवी सहाय, मुरलीधर जोशी, विजेंद्र कुमार शर्मा, खैराती लाल, मनोहर लाल, मोहन लाल आत्रै, वैद्य भवानीशंकर शर्मा, दुर्गा बाई, पुष्पेन्द्र सैनी, डूडू सैनी सहित युवा टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### भाजपा की ओर से कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ चलाए जा रहे महाअभियान नहीं सहेगा राजस्थान





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल** भारतीय जनता पार्टी धौलपुर एवं बाड़ी विधानसभा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की ओर से कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ चलाए जा रहे महाअभियान नहीं सहेगा राजस्थान के अंतर्गत सभी भाजपा पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, पेपर लीक, बिजली कटौती, महिला अत्याचार, युवाओं के खिलाफ वादाखिलाफी एवं राजस्थान के तमाम सरकारी योजनाओं में महा भ्रष्टाचार अभी हाल ही में राजस्थान में लाल डायरी कांड को लेकर सभी कार्यकताओं ने मुख्य बाजार से होते हुए जुलूस निकाला जिस में शामिल होने के लिए सैकड़ों की संख्या में महिला युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं नहीं सहेगा राजस्थान कार्यक्रम को संबल देते हुए एसडीएम कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा इसमें नहीं सहेगा राजस्थान कार्यक्रम के संयोजक विष्णु सिंघल के नेतृत्व में और बाड़ी विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी विजय त्यागी, प्रशांत परमार रमेश कुशवाहा पूरन प्रधान बाड़ी मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा, बिजौली मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा शुभम परमार, दिनेश गुर्जर धोधेपुरा, आंगई मंडल अध्यक्ष दशरथ सिंह परमार, मानवेंद्र सिंह गोपाल कुली दिनेश गुर्जर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुर्जर दिनेश रवि गुर्जर गुरुदेव गुर्जर महिला मोर्चा सदस्य वंदना शिवहरे रामचरण कुशवाहा धनोरा रोड संतोष शर्मा किसान मोर्चा महामंत्री जवाहर मीणा गोपाल कोली नरेश यादव विद्या राम मीणा आदि भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव 2023 : के लिए एकजुट भाजपा, कार्यकताओं में दिखा जोश

सितारा न्यूज नेटवर्क





**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के कुंड रोड स्थित रविवार को भाजपा की जिला उत्तर की विधानसभा के नमो वालंटियर कार्यशाला नारायणी देवी महाविद्यालय कुंड रोड में आटोजित हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष डॉ. नीलम यादव रही। यादव ने नमो वॉलिंटियर अल्पकालीन विस्तारको से कहा कि भाजपा की रीति नीति और सिद्धांतों के अनुसार कार्य करना है। मोदी सरकार के विकास कार्यों को बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता को जुड़ना है। विधानसभा नमो वॉलिंटियर नेता प्रतिपक्ष ओम यादव ने कहा संगठन और विचारधारा की स्वीकार्यता गहलोत सरकार के झूठ को समाज में उजागर करने का काम वालंटियर करेंगे। मंडल अध्यक्ष संजय मीर ने कहा कि एक अगस्त को होने वाले नहीं सहेगा राजस्थान कार्यक्रम के तहत जयपुर में महा घेराव होगा। इस को सफल बनाने के लिए आमजन को जोड़ना है ताकि कांग्रेस सरकार की असली सच्चाई जनता के सामने आ सके। नमो वालंटियर विधानसभा के संयोजक जितेंद्र यादव ने कार्यकताओं को शक्ति केंद्रों पर जिम्मेदारियां बाटी। उसी के अनुसार कार्य करने को कहा। इस अवसर पर भाजपा बहरोड़ विधानसभा विस्तारक बाबूलाल शर्मा द्वारा नमो वॉलिंटियर्स द्वारा 19 करणी कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की व प्रत्येक बूथ स्तर पर नमो वॉलिंटियर्स सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों में जाकर सूची बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। एवं सभी कार्यकताओं को नमो ऐप व सरल ऐप डाउनलोड करके पार्टी के प्रदेश व केंद्र तो नेतृत्व से जुड़े रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर बहरोड़ विधानसभा के चारों मंडलों से बड़ी संख्या में नमो वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे। एवं मंडल महामंत्री जितेंद्र यादव, कपिल यादव, अमित राठ, अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेना प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय मीर, मंडल उपाध्यक्ष लालाराम यादव, यशपाल सैन सहित अन्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस का राज आमजन के लिए अभिशाप बन गया है : भूतड़ा

**आगामी 01 अगस्त को सचिवालय घेराव में अजमेर देहात से 10 हजार से अधिक लोग जायँगे**




सितारा न्यूज नेटवर्क




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने एक प्रेस वार्ता के दरमियान मीडिया से रूबरू होते हुए बताया है कि राजस्थान में कोंग्रेस का राज जन-जन के लिए अभिशाप बन गया है इस को लेकर आगामी 01 अगस्त को भाजपा द्वारा सचिवालय के महाघेराव में 10000 से अधिक लोग जायेगे भूतड़ा का यह भी कहना है कि जनता को झूठे घोषणा पत्र का सब्जबाग दिखाकर अनैतिक बैशाखियों के सहारे बनी यह सरकार अपने कुकर्मो व अनैतिक आचरण के कारण वेलिनेटर पर पड़ी अंतिम सासे ले रही है साथ ही यह भूतड़ा ने कहा कि राजस्थान के इतिहास की यह पहली सरकार है जब मुख्यमंत्री के सलाहकार, मंत्री व वरिष्ठ विधायक भी भ्रष्टाचार व जंगलराज के आरोप विधानसभा के पटल पर सरकार पर लगा रहे है में समझता हूं किसी भी मुख्यमंत्री के लिए इस से ज्यादा शर्मनाक कुछ नही हो सकता जब उस के मंत्री व विधायक सरकार पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर भ्रष्ट बताये तो नैतिकता का तकाजा है उस सरकार को एक दिन भी रहने का हक नही है भूतड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री जिस मन्त्री को अपनी सरकार को बचाने वाला रहनुमा बता रहे थे आज वो ही उनके द्वारा किये 500 करोड़ के भृष्टाचार की लाल डायरी विधानसभा की टेबल पर रखना चाहता था किंतु उस से छीन कर बाहर का दरवाजा बता दिया ।लाल डायरी की परतें खुलेगी तो कइयों की दुकानों पर ताले लग जायँगे भूतड़ा ने कहा कि अजमेर जिले के केकडी में घटित घटना ने आमजन को विचलित कर दिया है किस तरीके से प्रशासन विधायको की दबंगई से लाचार है केकडी की घटना साबित करती है पीड़ित अशोक गौतम के वीडियो में स्पष्ट कहा कि विधायक रघु शर्मा मे आप को जन्म दिन पर तोहफा दे रहा हूँ क्यो कि आप के सिपलसाहरो से प्रताड़ित हूँ किंतु आपने मुझे राहत नहीं दी इस कारण आज में आत्महत्या करने को मजबूर हूँ इतना सब स्पष्ट होते हुए भी पहले मुकदमा दर्ज नही करना फिर किया तो विधायक के नाम का उल्लेख नही होना मुकदमे पर प्रश्न चिन्ह लगता है व पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा या नही ।कहि निर्दोष लोगों को अपराधी बना कर वास्तविक दोषी को बचाने का काम नही होना चाहिए इसलिये न्यायसंगत जांच कराकर इस के दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही हो भूतड़ा ने कहा कि तीज, त्योहार मनाना भी तुष्टीकरण के कारण संभव नही है पेपर लीक, गैंगरेप, गेंगवार, नशा कारोबार, पानी व बिजली के समस्या से त्राहिमाम-त्राहिमाम जनता है राजस्थान में महिला, किसान, युवा, दलित व हर वर्ग के साथ हो रहे अत्याचार, ब्लातकार, डकैती, लूट की घटनाएं जंगलराज का प्रतीक बन गई है।

कानून व्यस्था ध्वस्त हो रही है तो राहत केम्प के नाम पर नौटंकीया चल रही है राहत तो दूर-दूर नही है किंतु बिजली के बिलों ने आमजन को ऐसा करंट मारा है कि एक दम ठगी महसूस कर रही है चारो ओर हाहाकार है गेहलोत सरकार कुर्सी बचाने में समय व्यतीत कर रहे है भूतड़ा ने कहा कि भाजपा इन सारे विषयो को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत है अब नही सहेगा राजस्थान इस कुशासन को लेकर अभियान चल रहा है जो 1 अगस्त जयपुर सचिवालय घेराव के साथ सम्पन्न होगा ।उस के बाद स्थानीय विषयो को लेकर आक्रमक संघर्ष किया जायेगा उक्त प्रेस वार्ता में भाजपा जिला महामंत्री पवन जैन, जिलामंत्री करणसिंह रावत, ऐसी मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर व मण्डल अध्यक्ष कानाराम गुजर सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा 11 औषधीय पौधे लगाए



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा/ अलवर।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा रविवार को पास्ट प्रेसिडेंट लायन गिरीश गुप्ता के जन्मोत्सव एवं लायन सचिन-लायन तृप्ति गुप्ता तथा लायन पंकज गोयल-लायन निधि गोयल की शादी की सालगिरह के उपलक्ष्य पर क्लब द्वारा पर्यावरण सुरक्षा अभियान के तहत 11 औषधीय पौधे लगाकर ह्लवृक्षारोपण कार्यक्रम अपना घर शालीमार सोसाइटी के सेन्ट्रल पार्क में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ "इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो ना" प्रार्थना से किया गया तद्पश्चात पौधारोपण कार्यक्रम किया गया लायन गिरीश गुप्ता द्वारा उनके जन्मोत्सव के अवसर पर कलाकन्द का केक काटा गया। लायन भावना अग्रवाल द्वारा आकर्षक खेल खिलवाये गए जिससे सभी को बहुत आनंद की प्राप्ति हुई उसके बाद सभी को नाश्ता करवाया गया। शाम को विजन संस्थान पर जरूरतमंद एवं असहाय तकरीबन 800 लोगो को भोजन करवाया गया। सचिव लायन विनोद अग्रवाल ने बताया कि नए अध्यक्ष लायन संदीप अग्रवाल के आह्वान पर क्लब द्वारा पूरे माह में किसी भी क्लब सदस्य के जन्मदिन या शादी की सालगिरह को माह के चौथे रविवार को सुबह ह्लपर्यावरण सुरक्षा अभियानह्व के तहत अलवर में पौधों को लगाकर मनाया जाएगा जिसमे मुख्य रूप से औषधीय, फल एवं छायादार वृक्षों को लगाया जाएगा वही उसी दिन शाम को बिजली घर चौराहे पर संचालित विजन संस्थान , अलवर पर जरूरतमंद लोगो को फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के अंतर्गत खाना खिलाया जाएगा` आगामी 13 अगस्त 2023 को मानसरोवर धाम मंदिर, माच का तिराहा , गंगोदी मोड़ पर वनभ्रमण कार्यक्रम रखा गया है जिसके संयोजक लायन गिरीश गुप्ता है।

#### इन्होंने भी लिया भाग

कार्यक्रम के संयोजक लायन रामबाबू गुप्ता एवं लायन अनिल बंसल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम.जे.एफ. लायन शशि गोयल (पी.डी.जी.) तथा विशिष्ट अतिथि एम.जे.एफ. लायन सी.पी.गुप्ता झ्र पूर्व अध्यक्ष थे क्लब की तरफ से पर्यावरण सुरक्षा अभियान के तहत जगह जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम किये जा रहे है आज के कार्यक्रम में बर्थडे बॉय पूर्व अध्यक्ष 2020 झ्र 22 लायन गिरीश गुप्ता , पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम जे एफ लायन शशि गोयल, अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, लायन भावना अग्रवाल, सचिव लायन विनोद अग्रवाल, लायन संध्या अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन सी.पी.गुप्ता, लायन मीरा गुप्ता, पूर्व जोन चेयरपर्सन लायन लोकेश यादव , लायन अनीता यादव , पूर्व सचिव लायन मृदुल खंडेलवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष लायन उमेश अग्रवाल, लायन रामबाबू गुप्ता, लायन अनीता गुप्ता, लायन सत्य नारायण लायन लक्ष्मी अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन सरोज बंसल, लायन वी.के.अग्रवाल, लायन राजेश गोयल , लायन जयदीप यादव , लायन राकेश गोयल, लायन बबिता गोयल, सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया।

### आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ-अलवर की साधारण सभा की बैठक हुई सम्पन्न : लल्लुराम खुर्द



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना।** अलवर के राजगढ उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित मेघा हाई वे पर रविवार 30 जुलाई 2023 को मेगा हाईवे कालीपहाड़ी (राजगढ़) स्थित छात्रावास भूमि पर आदिवासी सेवा संस्थान की साधारण सभा की बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष भागचंद बाबूजी कुण्डरोली की अध्यक्षता में संपन्न हुई । संस्थान के महासचिव जयनारायण खरखड़ा ने बताया कि बैठक में 9 अगस्त 2023 को विश्व आदिवासी दिवस को बड़े स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह की तैयारी की समीक्षा की गई एवं संचालन व व्यवस्थापन के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमें भागचंद बाबूजी कुंडरौली को संयोजक रामस्वरूप रतनपुरा को सह संयोजक एवं हरलाल खरखड़ा , बद्री प्रसाद कचावा व रामफूल कुंडरोली को समिति का सदस्य बनाया गया। लल्लू राम खुर्द ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस समारोह में आदिवासी कला व संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा एवं वर्तमान में आदिवासियों की स्थिति व आदिवसीयत के संवर्धन व संरक्षण विषय पर विद्वानों द्वारा व्याख्यान भी दिया जाएगा। इस अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी एवं समाज के सभी गणमान्य जनप्रतिनिधि , अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ताओ के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहेगी। बैठक में लालचंद फौजी बीगोता , कुलदीप लिली , प्रोफेसर के एल टहला , रामलाल मान्द्रीन , खुशीराम दानपुर , रमेश डाबला , पूर्ण बूचपुरी सहित संस्थान के कई सदस्य मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी संस्थान के कोषाध्यक्ष लल्लुराम खुर्द के द्वारा दी गई है।


## बिच्छा पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा (दौसा)

क्रमांकः-ग्रापंबि/ई-टेण्डर / 2023-24 /40 दिनांक 28.7.2023

### ई-निविदा सूचना संख्या 01/2023-24

पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा जिला दौसा की अधीनस्थ ग्राम पंचायत बिच्छा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत एवं ग्रामीण विकास एंव पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं में संचालित समस्त कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों / संवेदकों से दिनांक 31.03.2024 तक के लिए दर अनुबंध हेतु नियमानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर ई-टेण्डरिग प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके NIB NO. RPW8384A0033 एवं UBN NO. RPW2324GLRC00036 है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 02.08.2023 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 16.08.2023 को सांय 6:00 बजे तक देखी व डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है।

सरपंच
ग्राम पंचायत बिच्छा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बिच्छा

## चिंतन

# महिलाओं का लापता होना चिंता की बात

देश में महिलाओं और लड़कियों का लापता होना चिंता की बात है। हमारे पुलिस तंत्र को चाहिए कि महिलाओं और बच्चों के लापता होने की घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक, देश में 2019 से 2021 के बीच तीन साल की अवधि में 13.13 लाख लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं जिनमें से सबसे अधिक मध्यप्रदेश की हैं। लापता महिलाओं की संख्या के लिहाज से पश्चिम बंगाल दूसरे स्थान पर है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संसद में पिछले सप्ताह पेश आंकड़ों के मुताबिक देश से 2019 से 2021 के बीच 18 साल से अधिक उम्र की 10,61,648 महिलाएं लापता हुईं, जबकि इसी अवधि में देश से 18 साल उम्र की 2,51,430 लड़कियां गायब हुईं। संसद द्वारा मुहैया कराए गए आंकड़ों के मुताबिक मध्यप्रदेश से 2019 से 2021 के बीच 1,60,180 महिलाएं और 38,234 लड़कियां लापता हुई थीं। इसी अवधि में पश्चिम बंगाल से 1,56,905 महिलाएं और 36,606 लड़कियां लापता हुईं। आंकड़ों के मुताबिक महाराष्ट्र से 2019 से 2021 के बीच, 1,78,400 महिलाएं और 13,033 लड़कियां लापता हुई हैं। ओडिशा में उक्त तीन साल की अवधि में 70,222 महिलाएं और 16,649 लड़कियां गायब हुई हैं जबकि छत्तीसगढ़ में इसी अवधि के दौरान 49,116 महिलाएं और 10,187 लड़कियां लापता हुईं। संसद के पटल पर पेश आंकड़ों के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश में दिल्ली शीर्ष पर रही जहां से सबसे अधिक महिलाएं और लड़कियां लापता हुईं। राष्ट्रीय राजधानी से 61,054 महिलाएं और 22,919 लड़कियां 2019 से 2021 के बीच लापता हुई हैं। जम्मू-कश्मीर में इस अवधि के दौरान 8,617 महिलाएं और 1,148 लड़कियां गायब हुई हैं। सरकार ने संसद को सूचित किया कि उसने पूरे देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाए हैं, जिनमें यौन अपराधों को रोकने के लिए आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम- 2013 को लागू करना शामिल है। सरकार ने बताया कि आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम- 2013 को लागू किया गया, जिसमें 12 साल से कम उम्र की बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी को मौत की सजा देने समेत अन्य कड़े प्रावधान हैं। यूएन की एक वर्ष 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के बाद भारत में महिलाओं के लापता होने की संख्या सबसे ज्यादा है। भारत में पिछले 50 वर्षों के दौरान 4.58 करोड़ महिलाएं लापता हुई हैं, जबकि दुनियाभर में लापता होने वाली महिलाओं की संख्या 14.26 करोड़ है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जारी स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट में कहा गया था पिछले 50 सालों में लापता होने वाली महिलाओं की संख्या विश्व में दोगुने से अधिक हो गई है। यह 1970 में 6.1 करोड़ थी जो 2020 तक बढ़कर 14.26 करोड़ हो गई। इस वैश्विक आंकड़े में भारत में 2020 तक लापता महिलाओं की संख्या 4.58 करोड़ और चीन की 7.23 करोड़ है। एनसीआरबी की रिपोर्ट की मानें तो देश में रोजाना 246 लड़कियां और 1027 लड़कियां गायब हो रही है। हर रोज 87 महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहा है। यह देखा गया है कि लड़कियों और महिलाओं के लापता होने के मुख्य कारणों में प्रेम संबंध, पारिवारिक/वैवाहिक विवाद, वित्तीय कारण, भाग जाना, दिमागी तौर पर अस्वस्थता, पढ़ाई में असफलता आदि शामिल हैं। यूं तो लापता व्यक्तियों के मामलों की जांच तुरंत की जानी चाहिए, लेकिन पुलिस तंत्र की लापरवाही के चलते महिलाओं व लड़कियों के लापता होने की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पाती है। सरकार को महिलाओं के लापता होने की घटनाओं पर रोक लगाने का पुख्ता इंतजाम करना चाहिए।

## जयंती

कृष्ण प्रताप सिंह



# यूं बने 'मुंशी' और उपन्यास सम्राट

सन 1880 में इकतीस जुलाई को उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक वाराणसी नगर से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित लमही नाम के छोटे से गांव में माता आनंदी देवी ने अपनी कोख से एक बेटा जना और पिता अजायब राय ने उसका नाम धनपत राय रखा तो शायद ही किसी ने सोचा हो कि एक दिन धनपत राय न सिर्फ कलम का सिपाही बल्कि 'हिन्दी कथा-साहित्य का पितामह' भी बन जाएगा। जानकारों के अनुसार हिन्दी साहित्य की सेवा तो खुद धनपत राय का भी पहला प्यार नहीं थी और वह वकील बनना चाहते थे। फिर भी कैसे बड़ा होकर वह पहले नवाब राय, फिर प्रेमचन्द और उसके बाद मुंशी प्रेमचन्द व उपन्यास सम्राट वगैरह बने, इसकी दास्तान उतनी ही अनूठी है, जितनी उनकी कहानियां या उपन्यास। हां, कथेतर लेखन भी। क्या पता कि धनपत राय को अपने पिता का दिया यह नाम पसंद नहीं था या वह नहीं चाहते थे कि देश पर गुलामी थोपने वाली तत्कालीन गोरी सरकार उसके प्रतिरोधी तेवर से खफा हो तो वह उसका सीधा कोपभाजन बन जाये, उसे उर्दू में कहानियां लिखने की सूझी तो उसने नवाब राय नाम अपनाया, लेकिन इस नाम की उम्र भी बहुत लम्बी नहीं हो पाई। 1909 में गोरी सरकार ने कानपुर के जमाना प्रेस से छपा उसका 'सोजे वतन' नामक कहानी-संग्रह प्रकाशित होते ही जब्त कर लिया तो उर्दू के 'जमाना' नामक पत्र के संपादक मुंशी दयानारायण निगम ने उसे सुझाया कि आगे वह नबाव राय के बजाय प्रेमचंद नाम से साहित्य-सृजन करे। यह सुझाव उन्हें इतना रुचा कि नवाब राय को प्रेमचन्द बनाने में तनिक भी देर नहीं की और उर्दू से हिन्दी में आए तो भी प्रेमचन्द बनकर ही आए। अनंतर, अनेक पाठकों का प्यार पाकर प्रेमचन्द के मुंशी प्रेमचन्द में बदलने को लेकर



प्रेमचन्द के जीवनकाल में तो जितने मुंह उतनी बातें हुआ ही करती थीं। इस कारण और कि न 'मुंशी' प्रेमचन्द की अपने अध्व्यवसाय से अर्जित या विरासत में प्राप्त उपाधि थी, न ही उपनाम। एक दौर में प्रेमचन्द अध्यापक हुआ करते थे और अध्यापकों को 'मुंशी' भी कहा जाता था, इसलिए एक कयास यह भी था कि उन्हें उनके अध्यापक होने के कारण मुंशी कहा जाता है, लेकिन बाद में यह कयास भी वैसे ही गलत सिद्ध हुआ जैसे यह कयास कि चूंकि उनके पिता डाकघर में मुंशी हुआ करते थे, उनके वारिस के तौर पर प्रेमचन्द भी मुंशी हो गये। उनके पुत्र अमृत राय के अनुसार उन्होंने खुद अपने नाम के आगे कभी 'मुंशी' नहीं लगाया। फिर? दरअसल, प्रेमचन्द को मुंशी बनाने में उनके द्वारा सम्पादित पत्र 'हंस' की बड़ी भूमिका रही है। इस पत्र में दो सहसम्पादक हुआ करते थे-पहले कन्हैयालाल मुंशी, दूसरे प्रेमचन्द और उसके कई अंकों में प्रेमचन्द के नाम से पहले कन्हैयालाल मुंशी के पूरे नाम के बजाय महज 'मुंशी' छपा रहता था। मुंशी, फिर कॉमा, फिर प्रेमचन्द। कुछ इस तरहः मुंशी, प्रेमचंद। लेकिन कई बार छापे की गलती से मुंशी और प्रेमचन्द के बीच का कॉमा छपने से रह जाता और कई बार पाठक खुद उसकी उपेक्षाकर मुंशी व प्रेमचंद को एक समझ लेते थे। इसके चलते धीरे-धीरे मुंशी प्रेमचंद का अलंकरण बन गया और वे मुंशी प्रेमचंद बन गये। बहरहाल, प्रेमचन्द का उपन्याससम्राट बनने के पीछे का वाकया भी उनके मुंशी बनने जितना ही दिलचस्प है। उन दिनों कलकत्ता में एक 'वणिक प्रेस' हुआ करता था, जिसके मुद्रक महाबीरप्रसाद पोद्दार प्रेमचन्द से बहुत प्रभावित थे और जैसे ही उनका कोई नया उपन्यास आता, उसे बंगला साहित्यकार शरतचन्द्र को पढ़ने को दे देते थे। एक दिन वे शरतचंद्र के घर गये तो देखा कि उन्होंने प्रेमचन्द के एक उपन्यास के एक पृष्ठ पर 'उपन्याससम्राट' लिख रखा है। उन्होंने झट उसे लपक लिया और प्रेमचंद को 'उपन्याससम्राट' बना डाला। एक बार उनके एक लेख से कुछ लोग नाराज हो गए और उनकी लानत-मलामत पर उतर आये तो पत्नी ने उनसे पूछा कि वे ऐसा लिखते ही क्यों है कि लोग भड़ककर उनके पीछे पड़ जाते हैं? उनका उत्तर थाः पब्लिक और गर्वनमेंट दोनों लेखक को अपना गुलाम समझती हैं।...लेकिन आखिरकार लेखक भी कोई चीज है। वह सभी की मर्जी के मुताबिक ही लिखे तो लेखक कैसा?....गवर्नमेंट जेल में डालती है, पब्लिक मारने की धमकी देती है, तो क्या इससे लेखक डर जाये और सच्चाई बयान करना बन्द कर दे?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



गोपाल भार्गव

बड़ा मुद्दा

# कांग्रेस के झूठे वादों को समझे किसान

> कांग्रेसी सरकार में मंत्री रहे गोविंद सिंह ने भी कमलनाथ के द्वारा किसानों को ठगने की बात स्वीकारी थी। इसी झूठे वादे के चलते कमलनाथ की सरकार से बड़ी संख्या में कांग्रेस के विधायकों का मोह भंग हुआ और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साल 2018 में कांग्रेस सरकार ने घोषणा की थी कि किसानों के मुकदमे वापस किए जाएंगे लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं किया। हम राजस्थान में देख रहे हैं कि किसानों के द्वारा कर्ज नहीं चुकाए जाने पर उनकी जमीनों की नीलामी की जा रही है, क्या यही कांग्रेस की नीति है? क्या कांग्रेस किसानों का इस प्रकार से उत्थान करना चाहती है?

देश की असली उन्नति और आर्थिक विकास के लिए कृषि, किसान और कृषि क्षेत्रों का विकास अत्यावश्यक है। कृषि समाज की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में सशक्त माध्यम है साथ ही बढ़ती आबादी को रोजगार उपलब्ध कराने में भी सर्वाधिक सहायक है। भाजपा ने अपनी भरोसेमंद किसान नीतियों के माध्यम से किसानों के सम्मान को सुनिश्चित और उन में विश्वास को बढ़ाने का कार्य किया है। जड़ों से कृषि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और परिश्रमी व अनुभवी किसानों के उत्थान के भी निरंतर प्रयास किए हैं। जबकि कांग्रेस की किसान विरोधी भ्रष्ट नीतियों से कृषि क्षेत्रों की समस्याएं बढ़ती रहीं और विकराल रूप ले गई हैं। यही कारण है कि आजादी के बाद से लगातार कांग्रेस के शासन में कृषि क्षेत्र की उपेक्षा बनी रहे और प्रदेश सहित पूरे देश में कृषि व्यवस्थाएं चौपट होती रहीं। होना यह चाहिए था कि औद्योगिक विकास और कृषि विकास के बीच में संतुलन बनाया जाता और हुआ क्या किसानों की हालत जर्जर होती गई है, गांव उपेक्षा का शिकार बने रहे और अभावग्रस्त होते चले गए, ग्रामीण रोजगार में लगातार गिरावट आई, ग्रामोद्योग का सम्यक विकास न होने से बहुत बड़ी संख्या में गांव से पलायन हुआ और असंतुलित शहरी शहरीकरण का कारण बना। गांव से पलायन और बेरोजगारी के कारण किसानों को एक राज्य से दूसरे राज्य में पलायन करना पड़ा जिसका प्रभाव उनके पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर भी आया। यह कांग्रेस की विकास विरोधी और सामाजिक व बुनियादी आवश्यकता पूर्ति करने वाले कृषि क्षेत्र की सही समझ न हो पाने के कारण और प्रदेश और राज्य स्तर पर गलत नीतियों के दुष्परिणाम भोगने के लिए किसानों को विवश होना पड़ा। किसान पुत्र शिवराज सिंह चौहान की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने लगातार कृषि क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 2002-3 की कृषि विकास दर 03 को बढ़ाकर 18.89 तक पहुंचाने में सफलता पाई है। कांग्रेस के राज्य में प्रदेश बीमारू माना जाने लगा था जबकि भाजपा सरकार ने प्रदेश की 1.35 करोड़ आबादी को गरीबी से बाहर लाने में सफलता प्राप्त की है। कांग्रेस ने वादा किया था कि किसानों के 5 हॉर्स पावर पंप का बिल माफ करेंगे जिसे पूरा नहीं किया गया जबकि भाजपा की सरकार ने 5 हॉर्स पावर के सोलर पंप योजना में किसानों को 115 करोड़ रुपए का अनुदान उपलब्ध कराया है । मध्यप्रदेश में 5 हॉर्स पावर की कृषि उपभोक्ताओं को 51,022 रुपए के बिल के स्थान पर केवल 3,750 रुपए का ही बिल दिया जा रहा है। आज 93% सब्सिडी कृषि उपभोक्ताओं को मिल रही है। 32 लाख 76 हजार से अधिक कृषि उपभोक्ता विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त कर रहे हैं। अटल ज्योति योजना के तहत 10 हॉर्स पावर के विद्युत कनेक्शन वाले प्रत्येक उपभोक्ता को 1,15,000 की खपत पर केवल 7500 का शुल्क लिया जाता है । अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों के एक हेक्टेयर तक भूमि वाले 5 हॉर्स पावर भार वाले लगभग 9,60,000 से भी अधिक किसानों को प्रति वर्ष 4,800 करोड़ की बिजली सब्सिडी मिल रही है इसी प्रकार सरकार ने 3 वर्षों में किसानों की खेती के लिए



बिजली कनेक्शन में 45,150 का अनुदान देने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों का कर्जा माफ करने के लिए कटिबद्ध है। प्रदेश में कृषक ब्याज माफी योजना 2023 में शुरू की गई। प्रदेश के 11 लाख से भी अधिक डिफॉल्टर किसानों का 2123 करोड रुपए का कर्जा माफ हुआ है । विगत 3 वर्षों में 47,100 करोड़ रुपए से भी अधिक के कृषि ऋण शून्य ब्याज दर पर दिए हैं। उल्लेखनीय बात तो यह भी रही कि कांग्रेसी सरकार में मंत्री रहे गोविंद सिंह ने भी कमलनाथ के द्वारा किसानों को ठगने की बात स्वीकारी थी। इसी झूठे वादे के चलते कमलनाथ की सरकार से बड़ी संख्या में कांग्रेस के विधायकों का मोह भंग हुआ और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साल 2018 में कांग्रेस सरकार ने घोषणा की थी कि किसानों के मुकदमे वापस किए जाएंगे लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं किया। हम राजस्थान में देख रहे हैं कि किसानों के द्वारा कर्ज नहीं चुकाए जाने पर उनकी जमीनों की नीलामी की जा रही है, क्या यही कांग्रेस की नीति है? क्या कांग्रेस किसानों का इस प्रकार से उत्थान करना चाहती है ? जब केंद्र की सरकार ने किसानों के पक्ष में नीति बनाकर किसानों को और अधिक स्वायत्तता प्रदान करने का प्रयास किया तब इस किसान विरोधी आंदोलन को हवा देकर कांग्रेस ने एक अच्छी नीति को नष्ट करने का काम किया है। मध्यप्रदेश की सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए 7 सूत्रीय रणनीति तैयार की है। यह देश के कल्याण के लिए आदर्श है जिसमें 1. संकट के समय किसानों की सहायता करना 2. खेती के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना 3. कृषि की उत्पादन लागत को कम करना 4. खेती का उत्पादन बढ़ाना 5. किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाना 6.किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से किसानों को संगठित और सफल बनाना है और 7. खेती के विविधीकरण और कृषि निर्यात और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है। कांग्रेस ने किसानों को एक बार फिर पांच वचन दिए। यह वचन नहीं पुनः ठगी का प्रवचन है, इन झूठे वचनों से 2018 के चुनाव में समर में प्रदेश के किसान ठगे गए थे, अब वह भली-भांति इससे परिचित हैं। केंद्र सरकार के द्वारा भी पीएम किसान निधि किसानों के लिए बहुत कारगर साबित हो रही है। इसके तहत प्रधानमंत्री मोदी ने 17,000 करोड रुपए की चौथी किस्त की राशि 8.5 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को डीबीटी के जरिए ट्रांसफर की है। भाजपा की केंद्र सरकार ने यूरिया गोल्ड जो सल्फर कोटेड है की एक योजना शुरू की है जिससे मिट्टी में सल्फर की कमी दूर होती है और वास्तविक समस्या का समाधान होता है, इसी प्रकार डिजिटल वाणिज्य के ओपन नेटवर्क पर 1500 किसान उत्पादक संगठनों को शामिल किए जाने का शुभारंभ किया गया है। यह कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए बहुत बड़े कदम साबित हो रहे हैं। हाल ही में राजस्थान में प्रधानमंत्री ने सवा लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र समर्पित किए हैं, जो साल के अंत तक 1,75,000 केंद्र बन जाएंगे जिसमें किसानों की जरूरत जरूरतों के लिए एक ही स्थान पर समाधान देने का विकासात्मक कार्य किया जाएगा हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भी किसान पुत्र हैं। इसी का परिणाम है कि किसानों के बीच में भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता बढ़ रही है और गांव और किसानों की स्थितियों में लगातार सुधार आ रहा है। विश्वास है कि अब किसान कांग्रेस के झूठे वादों और नए आश्वासनों के चक्कर में न पड़कर केंद्र और राज्य सरकारों की विकास योजनाओं का लाभ लेकर उन्नत ग्राम, समृद्ध किसान और स्वाबलंबी कृषि की अवधारणा को स्थापित करेंगे।

(लेखक मध्य प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित

दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवांशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवांशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित

प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी। वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया। तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोड़े मंत्रों के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूं, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नहीं सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## सटाका




## आज की पाती

### दिल्ली पुस्तक मेले का महत्त्व

देश की राजधानी दिल्ली में 2 अगस्त तक दिल्ली पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। यह दिल्ली में प्रगति मैदान में होगा। इस बार के दिल्ली पुस्तक मेले का थीम है 'राष्ट्र निर्माण में पुस्तकें'। इस पुस्तक मेले में वैसे तो हर वर्ग के लोगों को जाना चाहिए, लेकिन खासतौर पर युवा वर्ग को इसमें जरूर रुचि लेनी चाहिए। हो सकता है इस पुस्तक मेले में आपको ऐसी पुस्तकें मिल जाएं जो आपके कैरियर के लिए कोई मार्गदर्शक बन जाएं। इस मेले में विभिन्न प्रकाशकों द्वारा बुक स्टाल लगाए जाएंगे जिनमें विद्यार्थियों को परीक्षा तैयारी करने से संबंधित पुस्तकें भी होंगी। आज इंटरनेट का जमाना है, लेकिन आज भी पुस्तकों का बहुत महत्त्व है।

*– विवेक अग्रवाल, दुर्ग*

## करंट अफेयर


### लदंन का अल्बर्ट हाल लता के गीतों से गूंजा



लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में 'स्वर कोकिला' लता मंगेशकर के लाइव कंसर्ट के करीब 49 साल बाद इस ऐतिहासिक स्थल पर एक बार फिर उनके गीत गूंजे। आयोजकों ने लता को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित विशेष संगीत कार्यक्रम में उनके लोकप्रिय गीत बजाये। 'लता मंगेशकर : बॉलीवुड लीजेंड' कार्यक्रम 'ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' (बीबीसी) के मशहूर ऑर्केस्ट्रा संगीत कार्यक्रम 'प्रोम' के वार्षिक समारोह का हिस्सा है। लता के गानों के जरिये आमतौर पर पश्चिमी शास्त्रीय संगीत के लिए समर्पित इस कार्यक्रम का दायरा बढ़ाने का प्रयास किया गया है, ताकि भारतीय समुदाय भी इसकी ओर आकर्षित हो। 'प्रोम 18' में शुक्रवार रात लता के उन गीतों की गूंज भी सुनाई दी, जो उन्होंने मार्च 1974 में रॉयल अल्बर्ट हॉल में गाए थे। इनमें 'ऐ मेरे वतन के लोगो..' और 'आएगा आने वाला आएगा..' शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाली गायिका पलक मुच्छल ने कहा, 'भारतीय संगीत की एक ऐसी दिग्गज गायिका, जिन्हें दुनियाभर में सराहा जाता है, उन्हें श्रद्धांजलि देना मेरे लिए बहुत खास पल है।'

## ऑफ बीट

### अत्यधिक गर्मी व जलवायु आपदाओं के कई कारक



रिकॉर्ड तोड़ वैश्विक गर्मी और अत्यधिक बारिश के बीच, इस बात को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि 2023 में मौसम के साथ कुछ असामान्य हो रहा है। लोग जलवायु परिवर्तन को दोष देने में लगे हैं – और वे एक बिंदु तक सही हैं : मानव–जनित ग्लोबल वार्मिंग इसमें सबसे बड़ी भूमिका निभाती है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि टेक्सास और मैक्सिको में जून 2023 में शुरू हुई सप्ताह भर की गर्मी की लहर इसके बिना लगभग असंभव होती। हालाँकि, इस वर्ष चरम सीमा अधिक तीव्र है और इसके लिए सिर्फ मानवजनित ग्लोबल वार्मिंग ही एक कारण होने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। मानवीय गतिविधियाँ जो वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैस छोड़ती हैं, तापमान में धीरे–धीरे वृद्धि कर रही हैं, प्रति दशक औसतन 0.2 डिग्री फ़ारेनहाइट (0.1 सेल्सियस)। तीन अतिरिक्त प्राकृतिक कारक भी इस वर्ष वैश्विक तापमान और ईंधन आपदाओं को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं : अल नीनो, सौर उतार–चढ़ाव और पानी के नीचे एक विशाल ज्वालामुखी विस्फोट। दुर्भाग्य से, ये कारक इस तरह से मिल रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। इससे भी बदतर, हम कम से कम 2025 तक असामान्य रूप से उच्च तापमान जारी रहने की उम्मीद कर सकते हैं।

## ट्रेंड

### किसी का शोषण न हो



मानव तस्करी मौलिक मानवाधिकारों और स्वतंत्रता का जघन्य उल्लंघन है। जैसे ही हम मानव तस्करी समाप्ति दिवस मनाते हैं, हमें एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जहां किसी को कभी भी खरीदा, बेचा या शोषण नहीं किया जा सके।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### जागरूक ही एकमात्र रास्ता



एक जीवन दूसरे से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है; प्रत्येक जीवन और प्रत्येक प्रजाति पारिस्थितिक संतुलन और सुसंगत विकास प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। जागरूक मानव गतिविधि ही एकमात्र रास्ता है; एक मौका दें।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### मदद के लिए आभार



कई साल के बाद मोहम्मद आलमगीर अचानक मुझसे आकर मिला। हमने उसे 2009 में बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराया था। जानकर बहुत खुशी और गर्व हुआ कि वह जल्दी ही विवि से बी फार्मा की पढ़ाई पूरी करने वाला है। ऐसे बच्चों की ऊंची पढ़ाई में मदद करने वालों का आभार।

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता**

### देश को बांटा जा रहा



देश को दो वर्गों में बांटा जा रहा है! एक तरफ सत्ता संरक्षित ताकतवर लोग हैं और दूसरी तरफ है आम हिंदुस्तानी, जिसकी पहुंच से सब्जी जभी दूर होती जा रही है। हमें अमीर-गरीब के बीच बढ़ती इस खाई को भरकर, इन आंसुओं को पोंछना होगा।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**



## सितारा न्यूज ब्रीफ

### भाजपा मंडल अध्यक्ष दो दिनों से लापता, पार्टी के खेमे में मचा हडकंप



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर भाजपा के लालगढ़ मंडल के अध्यक्ष पिछले दो दिनों से लापता होने से पार्टी के खेमे में हडकंप मच गया है। वे शनिवार से लापता है तथा उनकी मोटर साइकिल शोभासर जलाशय के आसपास मिली है। ऐसे में उनको जलाशय में ढूंढा जा रहा है। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। बता दें कि लालगढ़ मंडल अध्यक्ष विनोद करोल शनिवार को घर से निकले थे। जो कि वापस अब तक नहीं लौटे है। ऐसे में अनहोनी की आशंका के चलते उनको तालाब व जलाशयों के आसपास ढूंढा जा रहा है। करोल की बाइक शोभासर जलाशय के पास मिली। इसके बाद शहर भाजपा अध्यक्ष विजय आचार्य और देहात भाजपा अध्यक्ष जालम सिंह भाटी मौके पर पहुंचे। भाजपा नेता विक्रम सिंह राजपुरोहित सहित कई नेता भी मौके पर पहुंच गए हैं।बीछवाल थानाधिकारी महेंद्र दत्त ने जलाशय में तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया है। थोड़ी देर में जलाशय में गोताखोर खोज शुरू कर सकते हैं।

### डॉ. कांता मीना ने काव्य संग्रह कैलाशी व तरुशिखा की प्रतियां की भेंट

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बीकानेर।** शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर राजस्थान के अतरिक्त निदेशक आरएएस अशोक कुमार मीना, अतरिक्त जिला कलक्टर सिटी बीकानेर आरएएस हरिसिंह मीना, नगर निगम बीकानेर आयुक्त आरएएस केसर लाल मीना, आकाशवाणी केंद्र बीकानेर के प्रमुख अमित सिंह, सूर्य प्रकाशन मंदिर बीकानेर के निदेशक डॉ. प्रशांत बिस्सा को अपनी दोनों पुस्तकें कविता संग्रह कैलाशी व



कहानी संग्रह तरुशिखा की प्रतियां संप्रेम भेंट की। इस दौरान सभी ने दोनों कृतियों के प्रकाशन पर डॉ. मीना को बधाई एवं शुभकामनाएं दी व हौसला अफजाई की और कहा की आप निरंतरता बनाएं रखे। इस मौके पर शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद भी मौजूद रहें।

### भैरु बाबा दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** विश्व प्रसिद्ध रींगस के मसानिया भैरव धाम पर रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने शीश नवा कर मनौतियां पूरी करने की कामना की। मंदिर पुजारी ग्यारसी लाल भोपा व फूलचंद गुर्जर ने बताया कि शिव के पांचवे रूद्र अवतार के रूप में पूजे जाने वाले भैरु बाबा के दर पर सावन माह के रविवार को हजारों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचे और भैरु बाबा की पवित्र जोहड़ी में स्नान कर पूजा अर्चना की। श्र्द्धालुओं की आवक शनिवार मध्य रात्रि से ही शुरू हो गई थी जो रविवार देर शाम तक जारी रही। यात्रियों की सुविधा के लिए श्री भैरुजी महाराज मंदिर कमेटी द्वारा रोशनी, सफाई आदि के विशेष इंतजाम किए गए। इस दौरान पुजारी परिवार के सदस्यों द्वारा सेवाएं दी गई।

### कारोबारी को 1 लाख रुपए की रंगदारी के लिए जान से मारने की धमकी मिली

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** रविवार को पूलिस थाने में जान से मारने की धमकी व रंगदारी का मामला सामने आया। दर्ज एफआईआर के अनुसार जखराना गांव निवासी सतीश कुमार पुत्र देवकरण यादव ने बताया कि क्षेत्र के जागुवास गांव में मैं शिव शंकर ईट भट्टा चलता




हूँ। जहां मैं रोजाना की तरह काम करके दिन में ही गांव जखराना चला गया था। ईट भट्ठा पर मेरा मुनीम धोखेरा नांगल चौधरी निवासी प्रकार चन्द था।जो भट्टा का पूरा काम देखता है। हमारे भट्टे पर पूर्व में भी दो बार 4 फरवरी व 8 अप्रैल को जानलेवा हमला, मारपीट, तोड़फोड़ व लूटपाट विजय जाट पुत्र मुकेश जाट निवासी जागुवास, अशोक चौधरी पुत्र करतार जाट निवासी कांकरा बर्डोद, कर्मपाल जाट पुत्र इंद्रपाल जाट जागुवास, मनजीत चौधरी व अन्य के द्वारा वारदात कर चुके। जिसमें यह सभी जेल गए। बीते दिन शनिवार को मेरे भट्टे पर मुनीम प्रकाश गुर्जर व अन्य स्टाफ वाले थे दिन में करीब 6 बजे के आसपास की बात है।मेरे भट्टे पर विजय जाट पुत्र मुकेश जाट निवासी जागुवास, अशोक चौधरी पुत्र करतार जाट निवासी कांकरा बर्डोद व अन्य दो लड़के एक मेजर जीप लेकर भट्टे के कार्यालय के पास आए व वापस चले गए। फिर दो-तीन मिनट बाद वापस भट्टे के अंदर आए व मुनीम को इशारा कर पास बुलाया और एक छोटी पिस्टल जैसा हथियार दिखाकर कहा कि तेरे सेठ सतीश को बोल देना की बात कर लेगा। एक लाख रुपए देने पड़ेंगे। नहीं तो भट्टा नहीं चलने देंगे। हाथ पैर तोड़ देंगे तथा जान से मारने की धमकी दी है। मेरे मुनीम ने उनसे लड़ाई झगड़ा नहीं करने की विनती की तो वह हथियार दिखा कर कहा कि आपके सेठ को बोल देना हर महीने एक लाख रुपए देगा तो ही भट्टा चलाने देंगे। साथ ही बताया कि यह बदमाश किस्म के लड़के हैं।जिन्होंने हम से रंगदारी के रुपए मांगे हैं। तथा हाथ पैर तोड़ने की धमकी दी है।

# श्री धर्मार्थ सहायता समिति का रुद्राभिषेक एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ आयोजित







सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** शनिवार को श्री धर्मार्थ सहायता समिति बाड़ी द्वारा द्रोणेश्वर महादेव दोनरखेड़ा पर रुद्राभिषेक कार्यक्रम आचार्य केशव देव शास्त्री बधरेटा वालों द्वारा किया गया। अभिषेक कर समिति द्वारा जनकल्याण एवं सुख शांति की प्रार्थना की गई। समिति द्वारा इस अवसर पर पेड़ पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर समिति की महिला इकाई के द्वारा विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाए गए। समिति द्वारा इस अवसर पर समिति सदस्यों के प्रतिभाशाली बच्चों का विभिन्न सेवाओं में चयन होने पर स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद गोयल द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन कर मनोबल बढ़ाया गया। समिति के संरक्षक सुभाष चंद्र बंसल द्वारा द्रोणेश्वर महादेव की महिमा से लोगों को अवगत कराया। द्रोणेश्वर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष बहादुर प्रसाद मंगल के द्वारा मंदिर की व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही समिति की बैठक में 9 अगस्त बुधवार को कैंसर स्पेसिटिस्ट बाबा विशनगिरी धाम पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास की नवमी को भंडारे आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही समिति द्वारा दलजीत सिंह का जन्म दिवस मना कर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर समिति के कार्यक्रम संयोजक मनोज शिवहरे, महामंत्री दिलीप मंगल, कोषाध्यक्ष श्रीभगवान मंगल, मीडिया प्रभारी योगेश गोयल, बृज किशोर गर्ग, मुकेश गर्ग, सतीश चंद्र अग्रवाल, सत्यदेव गर्ग, पवन गर्ग, राजकुमार मोदी, हरदेव सर, सुरेश बिंदल, नैतिक बंसल, सृजन गोयल, हर्ष, प्रशांत, हर्षित महिला इकाई से रजनी गोयल, सृष्टि गोयल, भावना शिवहरे, जूली मंगल, राधा बिंदल, रेखा देवी एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन भोजन प्रसादी के साथ किया गया

## आम आदमी पार्टी युवा नेता हेमंत कुमावत जनता से हुए रूबरू

**गोविंदगढ़ व मलिकपुर के आस-पास गाँव का दौरा किया**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**मोना कुमावत/अणतपुरा (जोबनेर)।** आम आदमी पार्टी युवा नेता हेमंत कुमावत के नेतत्व में गोविंदगढ़ व मलिकपुर के आस-पास गाँव का दौरा किया गया। कुमावत ने बताया कि लोगों का आम आदमी पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ता जा रहा है कई लोगों ने आम आदमी पार्टी की टोपी पहनी और सदस्यता ली तथा आम आदमी पार्टी को आने वाले चुनाव में समर्थन देने का भरोसा दिया। जनसंपर्क के दौरान आम आदमी पार्टी के गोविंदगढ़ ब्लॉक इंचार्ज पुष्कर सिंह सामोता, राकेश कुमावत, सीताराम कुमावत, अजय



कुमावत सहित गणमान्य लोगों उपस्थित रहे।

**व्यक्तिगत समस्या समाधान अभियान 2023 का शुभारंभ**

## राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ (पंजी) जयपुर द्वारा नेक अभियान की शुरूआत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को "नखरालो रिसोर्ट" जयपुर में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा एवं जिला अध्यक्ष नेमीचंद यादव उपस्थित रहे। जिला प्रतिनिधि जयपुर रणजीत सिंह भाटी ने बताया कि आज आयोजित जिला प्रतिनिधि सभा की महत्वपूर्ण बैठक जिला शाखा जयपुर में की गई, जिसमें जिले के समस्त ब्लॉक



अध्यक्षों, ब्लॉक मंत्रियों ने हिस्सा लिया।जिला प्रतिनिधि भाटी ने बताया कि संघ द्वारा समस्या समाधान व्यक्तिगत समस्याओं हेतु एक अभियान के रूप में रविवार से शुभारंभ किया गया तथा दूसरे चरण के रूप में 4 अगस्त 2023 (शुक्रवार) को प्रदेश के संपूर्ण ब्लॉक शाखाओं पर बैठकर समस्याओं का संकलन किया जाएगा। जिला मंत्री भवानी चौधरी, सतवीर चौधरी, महेंद्र जाट, रोहिताश वर्मा, विरेंद्र सिंह राठौड़, नवल किशोर शर्मा सहित प्रदेश जिला ब्लाक वीडिओ साथी गणों ने भाग लिया।

## 2100 लोगों ने एक साथ किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**डूंगरी बालाजी मंदिर में गूंजा जय हनुमान.. ज्ञान गुण सागर**

सितारा न्यूज नेटवर्क





**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** मूंडरू कस्बा स्थित डूंगरी बालाजी मंदिर परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठों का गुणगान हुआ। आयोजन समिति की ओर से मंदिर परिसर को भगवा ध्वजों से सजाया गया। शाम को त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज, पुजारी शंकर दास महाराज, पहाड़ी बाबा आश्रम के संत बुद्धिप्रकाश महाराज ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मूंडरू के विद्वान पंडितो के द्वारा स्वस्ति वाचन किया। स्थानीय भजन गायक मंडली ने गणेश वंदना व हनुमान भजन के साथ हनुमान चालीसा पाठ शुरू हुआ। श्रीमाधोपुर के श्रीराम भक्त मंडल, हनुमान भक्त मंडल, इच्छापूर्ण बालाजी मंडल, खेडेश्वर बालाजी मंडल नाथूसर, मऊ के हनुमान भक्त मंडल व डूंगरी बालाजी भक्त मंडल के द्वारा हनुमान चालीसा के सात पाठ किए गए। रामरिछपाल दास महाराज ने प्रवचनों में हनुमानजी की महिमा का वर्णन किया। आयोजन समिति की ओर से आए हुए संत महात्माओं का सॉल व श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया। सरदार रत्न सिंह ने छम छम नाचे देखे वीर हनुमाना भजन प्रस्तुत किया । जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। 2100 लोगों ने एक साथ बैठकर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ तथा महाआरती की। मंदिर की सजावट व ड्रोन से पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रही।

## मंत्री खाचरियावास ने की भागवत में शिरकत



**कई क्षेत्रीय कार्यकर्ता भी रहे मौजूद**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/जनीश सिंह।** कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने रविवार को वार्ड नंबर 47 श्याम नगर मेट्रो स्टेशन के पास वाली गली में स्थित भगवान शिव मंदिर में चल रही भागवत कथा में शिरकत करी एवं भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर सिविल लाइन ब्लॉक से मीडिया प्रभारी अरुण चतुर्वेदी, राम नगर मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह जोधा, ब्लॉक उपाध्यक्ष मदन सिंह चौहान एवं शक्ति सिंह, विजेंद्र सिंह ब्लॉक महासचिव व स्थानीय निवासी एवं सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**राजनैतिक वर्चस्व के लिये समाज की एकजुटता का आव्हान**

# श्री विश्वकर्मा महाकुंभ के लिए जांगिड़ सुथार समाज की तैयारी बैठक आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से आगामी माह 3 सितम्बर को जयपुर में आयोजित होने जा रहे विश्वकर्मा महाकुंभ की तैयारियों के लिये रविवार को शहर के शिववैली के निजी भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज के वक्ताओं ने महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने का आव्हान करते हुए कहा कि सामाजिक उत्थान और राजनीति में वर्चस्व कायम करने के लिये इस महाकुंभ को सफल बनाना समाज की सामुहिक जिम्मेदारी है। इस मौके प्रदेशाध्यक्ष संजय हर्षवाल ने अपने कहा कि प्रदेश में जांगिड़ सुथार समाज अपना महत्वपूर्ण संख्या बल रखता है, लेकिन फिर भी राजनीति में उसको हमेशा नजर अंदाज किया जाता रहा है उन्होने कहा कि हमारे समाज की ताकत दिखाने के लिये विश्वकर्मा महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है समाज का राजनीतिक प्रतिनिधित्व





पुख्ता करने के लिए सभी को अभी से जुटना होगा साथ ही अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए जयपुर में होने वाले महाकुंभ में भारी संख्या बल के साथ इक्ा होकर अपनी बुलंद आवाज दिल्ली तक पहुंचानी होगी। कार्यक्रम में भाजपा नेता रामगोपाल सुथार ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक समाज की एकता दुनिया के सामने नहीं आयेगी हमारे समाज का उत्थान नहीं होगा। देश दुनिया को हमारा सामर्थ्य दिखाने के लिये समाज को एकजुटता से आवाज बुलन्द करनी होगी। उन्होने कहा कि राजनीति वचर्स्व कायम करने के साथ शैक्षिक उत्थान हमारे समाज का अहम मुद्दा है इसके लिये हमें सामुहिक प्रयास करने होगें तभी राजनीतिक पार्टियों को हमारे समाज की ताकत नजर आयेगी उन्होने समाज के लोगों से आग्रह किया कि विश्वकर्मा महाकुंभ को सफल बनाने के लिये जिम्मेदारी से प्रयास करें। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार पन्नालाल नागल ने अपने संबोधन में समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि महाकुंभ का सफल आयोजन हम सब की जिम्मेदारी है उन्होने समाज के संगठनों और संस्थाओं के रवैये पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले काफी समय से यह बात सामने आ रही है कि हमारे सामाजिक संगठनों और संस्थाओं के कार्यक्रमों में मीडिया से जुड़े समाज के प्रतिनिधियों को सम्माजनक स्थान नहीं दिया जाता है, जिससे समाज के कार्यक्रमों और गतिविधियों से जुड़ी खबरों का व्यापक प्रचार प्रसार नहीं हो पाता। इसलिये समाज के संगठनों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इस विषय पर गंभीरता से मंथन करना चाहिए है। कार्यक्रम में महासभा की महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष श्रीमति नीलू ने समाज की नारीशक्ति से आव्हान करते हुए कहा कि विश्वकर्मा महाकुंभ सफलता के लिये समाज की नारी शक्ति को भी अपनी अहम भागीदारी निभानी होगी। महाकुंभ मे ग्यारह हजार महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकाली जायेगी जो ऐतिहासिक होगी उन्होने कहा आज बदलते दौर में समाज की नारी शक्ति ने भी अपनी अलग पहचान बनाई है। लेकिन समाज की नारी शक्ति संगठित नहीं होने से समाज के उत्थान में भागीदारी कमजोर है उन्होने जोशीलें अंदाज में कहा कि नारी शक्ति को संगठित होकर समाज की ताकत बनाना है श्रीमति नीलू ने आग्रह किया कि समाज की नारी शक्ति को अपने घर और बच्चों की जिम्मेदारी निभाने के साथ समाज की जिम्मेदारी निभाने के लिये मजबूती से कदम बढ़ाने होगें।

**सभा की शहर कार्यकारिणी ने ली शपथः** इस मौके पर महासभा की जिलासभा, बीकानेर शहर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया। समारोह में महासभा के प्रदेशाध्यक्ष संजय हर्षवाल, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमति नीलू, जिला अध्यक्ष भंवरलाल जांगिड़ ने सभा के शहर अध्यक्ष नवीन जांगिड़ और जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमति अन्नू सुथार की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवायी।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## नेत्र जांच शिविर का आयोजन, मरीजों को मिला फायदा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**कि.रेनवाल।(विनोद धायल)** लूनियावास गांव में अंधता निवारण समिति व शंकरा आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को लूनियावास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मोतियाबिंद जांच नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 85 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें 20 मरीजों को बस द्वारा ऑपरेशन के लिए जयपुर भेजा गया। पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सुरपुरा ने बताया कि शंकरा आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में हर वर्ष लूनियावास गांव में मोतियाबिंद जांच नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाता है। इस बार पंचायत समिति क्षेत्र के साथ-साथ कई गांव के लोग शिविर में पहुंचे। इस मौके पर मेडिकल टीम के साथ साथ जनप्रतिनिधियों का सम्मान भी किया गया। डॉ. एस.एस. राठौड़ का कहना है कि शंकरा आई हॉस्पिटल ट्रस्ट के रूप में देश भर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन कराता है। इस मौके पर आयोजक राजेंद्र सिंह सुरपुरा, पं.स.सदस्य जगदीश दादरवाल, भामाशाह रामनिवास मुवाल, मोहनलाल कुमावत, हरफूल गढ़वाल, श्रवण कुमावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

वॉटर ट्रेड एसोसिएशन ऑफ राजस्थान

## वाटर ट्रेड एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के चुनाव हुए संपन्न- पीयूष यादव



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** वाटर ट्रेड एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के दिवार्षिक चुनाव हुए। चुनाव अधिकारी पीयूष यादव ने बताया कि 2023 से 2025 तक की कार्यकारिणी के चुनाव हुए हैं इसमें अध्यक्ष पद पर ऋषि पारीक, उपाध्यक्ष आशुतोष मतवा, महासचिव ज्ञानी कुमावत, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव निर्वाचित हुए। पूर्व अध्यक्ष

सूर्य नारायण शर्मा , पूर्व महासचिव संजीव झा, पूर्व कोषाध्यक्ष विकास चौधरी ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। कार्यकारिणी के अध्यक्ष ऋषि पारीक ने बताया कि हम राजस्थान में स्वच्छ जल मिशन पर कार्य कर रहे हैं और चाहते हैं कि हर घर में स्वच्छ जल उपलब्ध हो उसके लिए कई कार्यक्रम हमने डिजाइन किए हैं और जनता को स्वच्छ जल उचित मूल्य में प्राप्त हो उसके लिए कार्यकारिणी पूरा प्रयास करेगी। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने कहा की हम एसोसिएशन के लिए जल्दी जयपुर के अंदर नया भवन निर्माण करेंगे और एसोसिएशन के सदस्यों के लिए पूरे साल समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे और हमारी कार्यकारिणी के प्रमुख उद्देश्य स्वच्छ जल मिशन पर कार्य करते रहेंगे।

## वेटरनरी कॉलेज में पौधारोपण कर दिया स्वच्छ वातावरण का संदेश



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने रविवार को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर सभी को स्वच्छ कैम्पस एवं स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। कुलपति प्रो. गर्ग ने एरिका पाम का पौधा लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की एवं फैकल्टी सदस्यों एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वेटरनरी महाविद्यालय का कैम्पस हरा-भरा एवं स्वच्छ है जो कि आस-पास के नगर वासियों के लिए एक प्राकृतिक वरदान है। वातावरण को स्वच्छ रखकर ही हम उत्तम स्वास्थ्य लाभ ले सकते है। पृथ्वी को इसके प्राकृतिक स्वरूप (हरी-भरी) में रखना भी मानव कल्याण का कार्य है। इस कैम्पस को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखना हम सब का नैतिक दायित्व है। कुलपति प्रो. गर्ग ने सभी कर्मचारियों एवे विद्यार्थियों को पौधा लगाकर उसको पुष्पित एवं पल्लवित करने का संकल्प लेने को कहा। वेटरनरी कॉलेज के अधिष्ठाता प्रो. ए.पी. सिंह ने बताया कि नीम, करंज, बकेन, एरिका पाम आदि प्रजाति के कुल 101 पौधे महाविद्यालय एवं हॉस्टल परिसर में लगाये गये। फैकल्टी सदस्यों एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने पौधारोपण कर उनको हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। पौधारोपण कार्यक्रम डॉ. मोहनलाल एवं डॉ. नीरज कुमार शर्मा की देखरेख में हुआ। इस अवसर पर प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश कुमार धूडि ?ा, निदेशक डी.पी.एम.ई. प्रो. बसन्त बेस सहित महाविद्यालय ने शिक्षक एवं विद्यार्थियों मौजूद रहे।

## राजस्थान युवा महोत्सव का 31 जुलाई को दांतारामगढ़ ब्लॉक में होगा कार्यक्रम

**सीकर।** राजस्थान युवा बोर्ड के द्वारा राजस्थान में हो रहे युवा महोत्सव 31 जुलाई को दांतारामगढ़ ब्लॉक का कार्यक्रम राजकीय सीनियर सैकैण्डरी स्कूल दांतारामगढ़ में प्रात 9:30 बजे से होगाक दांतारामगढ़ ब्लॉक समन्वयक महेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि राजस्थान सरकार ने युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक अनूठी पहल की है जिससे युवाओं में खुशी की लहर है क कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीताराम लांबा राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष, राज्य मंत्री राजस्थान सरकार होंगेककार्यक्रम को लेकर समन्यवक महेन्द्र कुमार मीणा ने दांतारामगढ़ ब्लाक के कार्यक्रताओं के साथ बैठक कीकबैठक में धर्मवीर मीणा,पन्नालाल चन्देंलिया,झाबर खीचड़,पिंटू जाखड़,सुमित बुरानिया, गोपाल हरितवाल,दीपक कुमावत, शैलेष सैंन,राधेश्याम कुमावत,फैजल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विधायक का हुआ नाम : नदबई विधानसभा में हो रहे विकासशील काम: विधायक अवाना

### विधायक जोगिंदर सिंह अवाना की अपनी विधानसभा में एक अनूठी पहल देखने को मिली







सितारा न्यूज नेटवर्क

**भरतपुर/नदबई।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना की अपनी विधानसभा में एक अनूठी पहल देखने को मिली। विधायक अवाना ने नदबई मुख्यालय पर चौधरी मैरिज होम में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विधायक ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने विधानसभा क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थी जिनकी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान परीक्षा 2023 में 85 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे बच्चियों का हौसला अफजाई करते हुए प्रशस्ति पत्र वितरित जिसमें पूरी विधानसभा क्षेत्र से 1000 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों की सूची तैयार की गयी जिसमें 800 से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि उच्चैन पंचायत समिति के प्रथम निर्विरोध प्रधान हिमांशु अवाना रहे। सम्मान समारोह में विधायक ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर बच्चों के साथ आये अभिभावकों को सामोहिक भोजन करा कर उनको संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नदबई को मिनी कोटा का दर्जा मिला हुआ है परंतु 4 साल पहले सड़को सहित नदबई की भौगोलिक स्थिति सही नही होने की वजह से यह क्षेत्र पिछड़ गया था परंतु आपने मुझे अपना आशीर्वाद देकर राजस्थान की विधानसभा में विधायक बना के भेजा है तब से लेकर आज तक पूरी विधानसभा में हर वो विकास कार्य हुआ है जो पिछले 40 साल से नही हुआ था जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में पूरी नदबई विधानसभा को कई बड़ी बड़ी सौगाते मिली है जिसमें विधानसभा में 38 विधालयों में 101 अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण हो चुका है।

अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा देते हुए जो किसान मजदूर अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा नहीं दिला पाता था उसको देखते हुए पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोले गए हैं उन्हीं में हमारी नदबई विधानसभा में अब तक 27 विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में परिवर्तित किया गया है और 35 विधायलय क्रमोन्नत हुए हैं जिसमें प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में 4 और 34 सीनियर सेकेंडरी में क्रमोन्नत हुए हैं। 11 नये विधालय खुले है और कन्या महाविद्यालय नदबई आईटीआई कॉलेज नदबई जिसके लिए 10 करोड़ 45 लाख रुपए स्वीकृत हो चुके है नदबई को मिले देवनारायण छात्रावास के भवन का निर्माण कार्य 2 करोड़ 50 लाख की लागत चल रहा है उसी के साथ राजकीय महाविद्यालय नदबई के भवन का कार्य 3 करोड़ रुपए की लागत से अच्छी गुणवत्ता द्वारा चल रहा है उसी के साथ साथ बच्चों के खेलने के लिए तलछेरा में 25 लाख रुपए का खेल स्टेडियम स्वीकृत हो गया है उसी के साथ साथ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली उच्चैन जो की एक ग्राम पंचायत थी उसको मिनी सचिवालय बनवाने का काम क्या है और अब तक लगभग 42 सरकारी दफ्तर उच्चैन को मिल चुके है और शिक्षा के क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय मिला है जो की अभी हाल ही में स्नातकोत्तर पी.जी. में क्रमोन्नत हो गया है जिसके भवन का निर्माण 4 करोड़ 50 लाख की लागत से अच्छी गुणवत्ता द्वारा चल रहा है और कन्या महाविद्यालय मिला है जिसके लिए 4 करोड़ 50 लाख रुपए स्वीकृत हो चुके है,᠎३ कॉलेज उच्चैन को मिला है।

जिसके भवन निर्माण के लिए 10 करोड़ 45 लाख रुपए मिल चुके है, पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए 9 करोड़ रुपए स्वीकृत हो गए है और एससी बालिका छात्रावास मिला है जिसकी 2 करोड़ 80 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृत आ चुकी है और संभाग का संस्कृत का सबसे बड़ा कॉलेज क्षेत्र की ग्राम पंचायत सैदपुरा को मिला है खेलने के लिए उच्चैन में 1 करोड़ 50 लाख रुपए का खेल स्टेडियम व उच्चैन पंचायत समिति के गाँव अघापुर में 2 करोड़ 50 लाख का खेल स्टेडियम मिला है विधायक ने कहा की भविष्य में मेरी सोच है की विधानसभा क्षेत्र में मॉडर्न लाइब्रेरीयों की स्थापना कर वाई जाए और हर राजकीय विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम बनवाने का कार्य करू और कोटा की तर्ज पर नदबई को एजुकेशन हब बनवाने का कार्य किया जाएगा और विधायक निधि से गरीब बच्चों को निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था करवाई जाएगी विधायक ने सामाजिक सुरक्षा की गारंटी लेते हुए पूरी विधानसभा क्षेत्र से आये लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया, वही उच्चैन प्रधान हिमाशु अवाना ने कहा की विधायक महोदय ने शिक्षा के साथ हर क्षेत्र में पूरे विधानसभा में बिना किसी भेद भाव के विकास कार्य कराये है अगर शिक्षा की बात करे तो जिस उच्चैन पंचायत समिति का आपके आशीर्वाद से मुझे प्रधान बनने का मौका मिला है वहा पर एक भी कॉलेज नही था परंतु विधायक महोदय ने आज वहाँ पर 6-6 डिग्री कॉलेज खुलवाने का काम किया है इसके लिए हम विधायक महोदय का जितना आभार प्रकट करें उतना कम है इस मौके पर सीबीईओ नदबई मुकुट सिंह, सीबीईओ उच्चैन गजेंद्र सिंह, नदबई कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा, दिलीप सिनसिनवार, शिवदयाल गोयल, चंचल जिंदल, पार्षद नितिन अग्रवाल, पार्षद अजय जैन, संजय उपाध्याय, हरिसिंह बादशाह, गुजरमल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित उनके अभिभावक गण मौजूद रहे।

## पंचायत ने नहीं की सुनवाई तो ग्रामीण अपने स्तर पर जूटे रास्तों की सफाई में

*दीपपुरा पंचायत में आम रास्तों के दोनों किनारों पर घास और झाड़ियां पनप गई राहगीरों के लिए परेशानी का सबब*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी(अनिल सिखवाल)।** शहर के समीप स्थित ग्राम पंचायत दीपपुरा में आम रास्तों के दोनों किनारों पर जंगली पौधे व कटीली झाड़ियों के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है यहां विभिन्न रास्ते कच्चे ही है कंटीली झाड़ियां व अन्य जंगली पौधों ने आधे रास्ते को घेर लिया है इसी तरह रतनाराम खोखर की स्कूल से खेतों व ढ़ाणियो की ओर जाने वाला आम रास्ते पर अंधे मोड़ है और बारिश के कारण घास और झाड़ियां पनप गई है जिससे रास्ता नजर नहीं आ रहा है और ग्रामीणों को खेतों व ढ़ाणियों की ओर आवागमन में दिक्कत हो रही है रास्तों पर अतिक्रमण और झाड़ियों की सफाई नहीं होने और पंचायत प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देने के कारण ग्रामीणों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है पंचायत प्रशासन का सहयोग नहीं मिल पाने पर ग्रामीण अर्जुनराम कड़वा (मोटा) ने मजदूर लगाकर रास्ते के दोनों ओर की सफाई का जिम्मा खुद अपने खर्चे पर करवाने की शुरूआत की और पंचायत को आईना दिखाया अर्जुनराम कड़वा (मोटा )ने इससे पहले भी अपने स्तर पर अपने खर्चे से इसी रास्ते में झिंकरा डलवा कर रास्ता सुगम बनवाया था और अब रास्ते के दोनों ओर की सफाई का एक अनूठी पहल की शुरूआत की है ऐसा करता देख कर सभी लोगों ने अर्जुन राम मोटा द्वारा करवाए कार्य को देखकर सहराना की वहीं पूर्व वार्ड पंच परसाराम बुगालिया का कहना है कि ग्राम पंचायत में अधिकतर रास?ते बदहाल है जिससे ग्रामीणो को मुसीबतें झेलनी पड़ रही है पंचायत में रास्तों को सुगम बनवाने को लेकर पहले भी प्रस्ताव लिए थे लेकिन पंचायत प्रशासन ग्रामीणों की मुसीबतों को अनदेखा कर रही है जिस कारण दीपपुरा पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली से लोग नाराज हैं

## करंट लगने से गोवंश की मौत:बिना फेंसिंग रखे ट्रांसफार्मर से हुआ हादसा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के पतासा मार्केट स्थित सड़क किनारे बिना फेंसिंग के खुले में रखा विधुत ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से रविवार को एक गोवंश की मौत हो गई। बिना फेंसिंग के सड़क किनारे ट्रांसफार्मर रखा हुआ था, जिसमें करंट उतर रहा था। इस घटना को लेकर आसपास के लोगों में बिजली विभाग को लेकर जबरदस्त आक्रोश है। हिंदू जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक हुकम यादव का कहना है कि ये ट्रांसफार्मर सड़क किनारे खुले में रखा हुआ है। इस पर फेंसिंग भी नहीं है। कई बार बारिश का पानी सड़क पर भरने से इस ट्रांसफार्मर तक पहुंच जाता है। रविवार को गोवंश ट्रांसफार्मर के आसपास टहल रहे थे, तभी वे करंट की चपेट में आ गए। तड़प-तड़पकर मौके पर ही गोवंश ने दम तोड़ दिया। इसके बाद विधुत विभाग को सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद करवाकर नगरपालिका कर्मचारियों की सहायता से मृत गोवंश को हटाया गया।

## राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता : होतम सिंह



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल।** बसेड़ी विधानसभा संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव ने रविवार को क्षेत्रीय दौरा कर आमजन को गहलोत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत कराया कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए चलाई जा रही राजस्थान कृषि यंत्र सब्सिडी योजना, छऊट श्रमिक कल्याण योजना,कुण्ड निर्माण योजना, इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना,



राजस्थान जन आधार कार्ड योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना,शुभ शक्ति योजना, राजस्थान तारबंदी योजना, सहित समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए लोगों को अवगत कराया और 10 अगस्त 2023 से राजस्थान में इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना का शुभारंभ किया जा रहा है जिसमें प्रदेश की 40 लाख महिलाओं को फ्री मोबाइल मिलेंगे इसके साथ ही नकटपुरा में शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और अमानपुरा में जयराम मीणा उपसरपंच के यहां पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और आमजन से मुलाकात की इसके बाद पिपरौन खुआ कोली के यहां शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और गढ़ा खोह, सरमथुरा, कंचनपुरा, छिग्गापुरा, ? बसंत पुरा, चांदपुरा, खरौली, ? सुमान पुरा, वीलौनी, रीछौनी, रैटोंटी, ? खिन्नोट सहित 2 दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर आमजन से मुलाकात की इस दौरान बसेड़ी विधानसभा संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव, वरिष्ठ पार्षद ओमवीर सिंह चौधरी, विनोद कुमार शर्मा, मुकेश कोली, सुरजीत सिंह गुर्जर, जीतेन्द्र सुमन, ताराचंद सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## गोपाल गौशाला में गौ माता की मूर्ति का हुआ अनावरण, बड़ी संख्या में जुटे गौ सेवक





सितारा न्यूज नेटवर्क

**पचार। (विनोद धायल)** गांव स्थित गोपाल गौशाला में रविवार को भगवान श्रीकृष्ण व गौ माता की मूर्ति का अनावरण किया गया। अनावरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौ सेवक पहुंचे। इस मौके पर भामाशाह सम्मान भी किया गया। आयोजक गजानंद कुमावत ने बताया कि गौ सेवा ही सच्ची सेवा है। इसी उद्देश्य से आज गौ माता की मूर्ति का अनावरण किया गया ताकि लोगों को गौसेवा के लिए प्रेरणा मिले।

**पचार एकता मंच ले बाटी डॉक्यूमेंट्री :** प्रवासी संगठन पचार एकता मंच ने गांव की जानकारियों को संग्रह के रूप में डॉक्यूमेंट्री बनाकर लोगों को वितरित की गई इस मौके पर गौशाला अध्यक्ष ठा. शिवनाथ सिंह शेखावत ठा. गंगा सिंह शेखावत, पचार एकता मंच अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण कुमावत, द्रावड़ी बाबा, बेगा राम रणवां, राष्ट्रीय रेगर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कजोड़ मल रेगर, पूर्व सरपंच अशोक मारू, भंवर सिंह ऐचरा, एड. राजेश चेजारा, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि गजानंद कुमावत, पं.स. सदस्य प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष विजय कुमार काला, राजेंद्र सरोज, कॉमरेड हरफूल सिंह धायल, अमराराम धायल, फूल सिंह ऐचरा लक्ष्मण राम धायल, घीसा लाल कुमावत, ग्यारसी लाल शर्मा, सरपंच राहुल कुमावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पचार एकता मंच जयपुर के सदस्य उपस्थित रहे।

## मदनलाल कुल्डिया का हुआ भव्य अभिनंदन एवं स्वागत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** नवनिर्वाचित हिंदू युवा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल कुल्डिया का चांदपुरा निवासियों ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार माला व साफा पहनाकर स्वागत तथा भव्य अभिनंदन किया उक्त अवसर पर गोपालराम भगत,पेमाराम



भगत, मोहनराम भगत, रामेश्वरलाल भगत सोहनराम भगत, मुकेश भगत,झूमरमल भगत, भागुराम भगत, गोविन्दराम भगत, दानाराम भगत राजूराम भगत,रामनिवास भगत, महेश भगत, नरेंद्र भगत, महिपाल भगत, ताराचंद भगत, प्रिंस भगत सभी लोगों ने खुशी जाहिर की।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भारतीय क्रिकेटरों को पैसों का घमंड..., कपिल देव के बयान से मची खलबली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर और वर्ल्ड कप विनर कप्तान अपने संन्यास के इतने साल बाद भी लगातार चर्चा में बने रहते हैं। इसकी वजह है कि वह आए दिन क्रिकेट से जुड़े मामलों पर अपनी राय देते रहते हैं। वह भारतीय क्रिकटर्स की प्रशंसा करने के साथ-साथ उनकी आलोचना भी करते हैं। ऐसे में अब हाल ही में कपिल ने टीम इंडिया के प्लेयर्स को लेकर बयान दिया है, जिससे खलबली मच गई है। उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों को जमकर सुनाया है।

सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और खुद कोच राहुल द्रविड़ ने अपने करियर में जरूरत पड़ने पर दिग्गज सुनील गावस्कर की सहायता ली है। लेकिन ऐसा न्यू जेनेरशन में नहीं देखने को मिला। कोई भी खिलाड़ी अपनी परेशानी लेकर गावस्कर के पास नहीं गया। इस बात से कपिल देव काफी खफा नजर आए। उन्होंने बात करते हुए खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को लेकर बयान दिया है।

## भारतीय क्रिकेटरों के रवैए को लेकर भड़के पूर्व कप्तान

### सब कुछ जानने का घमंड

*कपिल ने आगे कहा, 'कभी-कभी जब बहुत अधिक पैसा होता है, तो घमंड आता है। इन क्रिकेटरों को लगता है कि वे सब कुछ जानते हैं। यही अंतर है। मैं कहूंगा कि ऐसे कई क्रिकेटर हैं जिन्हें मदद की जरूरत है। जब सुनील गावस्कर हैं तो आप बात क्यों नहीं कर सकते? अहंकार कहां है? ऐसा कोई अहंकार नहीं है। उन्हें लगता है कि 'हम काफी अच्छे हैं'। हो सकता है कि वे काफी अच्छे हों, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति से अतिरिक्त मदद जिसने क्रिकेट के 50 सीजन देखे हों, वह चीजों को जानता है। कभी-कभी सुनना आपके विचार को बदल सकता है।'*



### दिग्गजों से नहीं लेते सलाह

कपिल देव ने कहा, 'मतभेद सामने आते हैं, इन खिलाड़ियों के बारे में अच्छी बात यह है कि वे बहुत ज्यादा कॉन्फिडेंट हैं। नेगटिव बात यह है कि वे सोचते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं। मुझे नहीं पता कि इसे इससे बेहतर तरीके से कैसे कहा जा सकता है। लेकिन वे कॉन्फिडेंट हैं, वे सोचते हैं कि 'आपको किसी से पूछने की जरूरत नहीं है'। हमारा मानना है कि एक अनुभवी व्यक्ति आपकी मदद कर सकता है।'

### कपिल देव की कप्तानी में भारत ने जीता था वर्ल्ड कप

कपिल देव की कप्तानी में ही भारतीय टीम ने 1983 में पहली बार वर्ल्ड कप जीता था। लॉर्ड्स के मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज को 43 रनों से मात दी थी। विंडीज टीम इससे पहले 1975 और 1979 में विश्वकप जीत चुकी थी, ऐसे में फाइनल मुकाबले में वेस्टइंडीज को जीत का दावेदार माना जा रहा था।

## चिंता की बात नहीं, खिलाड़ियों को आजमाना जरूरी : द्रविड़

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रोहित शर्मा और विराट कोहली को विश्राम देने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि टीम एक मैच या एक श्रृंखला को लेकर चिंतित नहीं हैं तथा विश्वकप से पहले अन्य खिलाड़ियों को आजमाना जरूरी है। द्रविड़ ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम हमेशा बड़ी तस्वीर पर गौर करेंगे। हमें आगे एशिया कप और विश्वकप में भाग लेना है और इसलिए हमें बड़ी तस्वीर पर गौर करना होगा क्योंकि हम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रहे हैं। हम प्रत्येक मैच या प्रत्येक श्रृंखला को लेकर चिंतित नहीं हो सकते। अगर हम ऐसा करते हैं तो यह गलती होगी। अन्य खिलाड़ियों को मौका देने के लिए विराट और रोहित को विश्राम दिया गया। हमें इस तरह के जोखिम लेने होंगे। बड़ी प्रतियोगिताओं को देखते हुए इस तरह की परिस्थितियों में हम इस तरह के मौके ले सकते हैं। हम उन्हें (युवा खिलाड़ियों को) जितना संभव हो उतने मौके देना चाहते हैं।'



---

## खबर संक्षेप



### मोरक्को ने दक्षिण कोरिया को हराकर रचा इतिहास

**एडिलेड।** मोरक्को ने रविवार को यहां महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में दक्षिण कोरिया की टीम को 1-0 से पराजित करके इतिहास रचा। इसके बाद इब्तिसाम जरादी ने मोरक्को की तरफ से विश्व कप में पहला गोल किया जो आखिर में उनकी टीम के लिए निर्णायक साबित हुआ। जरादी ने मैच के छठे मिनट में ही गोल कर दिया था और उसके बाद उनकी टीम ने आखिर तक इसका सफलतापूर्वक बचाव किया।

### काउंटी क्रिकेट में नहीं खेलेंगे रहाणे

**लंदन।** भारत के सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने लीस्टरशर की तरफ से काउंटी क्रिकेट में नहीं खेलेंगे क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय



क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के बाद खेल से कुछ दिनों का विश्राम लेना चाहते हैं। पैंतीस वर्षीय रहाणे को जून में काउंटी क्लब लीस्टरशर से जुड़ना था लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्रतिबद्धताओं को देखते हुए वह तब क्लब से नहीं जुड़ पाए थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने के लिए इंग्लैंड चले गए थे और फिर इस महीने के शुरू में वेस्टइंडीज दौरे पर भी वह भारतीय टीम का हिस्सा थे।

### सीआरपीएफ ने जीते पांच स्वर्ण और एक रजत पदक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के खिलाड़ियों ने कनाडा के विनिपेग में 'वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स' के शुरुआती दिन



भारत के लिए पांच स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीते। लुवांगथेम गुनाओ और एम धीरेन सिंह ने पुरुषों के 'फिजिक एंड बाडीबिल्डिंग' वर्ग में दो स्वर्ण पदक दिलाए जबकि रितु रानी ने महिलाओं की 59 किग्रा कुश्ती स्पर्धा में एक और सोने का तमगा हासिल किया। सीआरपीएफ के डीआईजी (खेल) अजय कुमार वशिष्ठ के अनुसार रोहित कुमार ने पुरुषों की 74 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता।

### न्यूजीलैंड ग्रुप चरण में बाहर होने वाला पहला मेजबान देश



**डुनेडिन।** न्यूजीलैंड रविवार को यहां ग्रुप मुकाबले में स्विट्जरलैंड से गोलरहित ड्रा खेलकर महिला फुटबॉल विश्व कप से बाहर हो गया। इससे वह टूर्नामेंट के इतिहास में ग्रुप चरण में बाहर होने वाला पहला मेजबान देश बन गया। न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया विश्व कप के सह मेजबान हैं। आस्ट्रेलिया को भी कनाडा के खिलाफ सोमवार को होने वाले मुकाबले में जीत दर्ज करनी होगी, वर्ना उस पर भी शुरुआती दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

---

## रोहित, कोहली को विश्राम देने का टीम प्रबंधन का फैसला गलत

# भारतीय टीम का 'प्रयोग' फेल छह विकेट से जीता वेस्टइंडीज

एजेंसी ▶▶ ब्रिजटाउन

विश्वकप के लिए बल्लेबाजी के दावेदारों को परखने की भारत की रणनीति उछाल भरी पिच पर नहीं चल पाई। वेस्टइंडीज ने बारिश से प्रभावित दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां छह विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला बराबर कर दी। भारतीय टीम प्रबंधन का कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को विश्राम देने का फैसला सही साबित नहीं हुआ।

- तीसरा वनडे एक अगस्त को सैन फ्रांसिस्को में खेला जाएगा

टीम इंडिया के मध्यक्रम का कोई भी बल्लेबाज तेज, उछाल और टर्न लेती पिच पर नहीं चल पाया और उसकी पूरी टीम 40.5 ओवर में 181 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने शार्दुल ठाकुर के शानदार स्पेल से पार पाकर 36.4 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से कप्तान शाई होप ने नाबाद 63 और कीसी कार्टी ने नाबाद 48 रन बनाए। इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 91 रन की अटूट साझेदारी की। वेस्टइंडीज ने इस तरह से भारत के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में दिसंबर 2019 के बाद पहली जीत हासिल की।



### 91 रन पर गंवाए 10 विकेट

*ईशान-गिल के आउट होने के बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके और एक समय 90 रन पर जीरो के स्कोर से टीम 181 रन पर ऑल आउट हो गई। वेस्टइंडीज से रोमारियो शेफर्ड और गुडाकेश मोटी ने 3-3 विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ को 2, वहीं जेडन सील्स और यानिक कारिया को 1-1 विकेट मिला।*

### मैं अभी कछुआ हूं, खरगोश नहीं

भारत के वनडे में कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपने गेंदबाजी कार्यभार प्रबंधन को लेकर कहा कि अभी वह इस मामले में 'कछुआ हैं खरगोश नहीं'। अक्टूबर-नवंबर में स्वदेश में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को ध्यान में रखते हुए वह इसमें तेजी लाना चाहते हैं।

### गिल के 2500 रन पूरे



*युवा भारतीय ओपनर शुभमन गिल ने इंटरनेशनल कॅरियर में 2500 इंटरनेशनल रन पूरे कर लिए हैं। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना 50वां इंटरनेशनल मैच खेला, इनमें उनके नाम 7 सेंचुरी और 9 फिफ्टी हैं। गिल ने 18 टेस्ट, 6 टी-20 और 26 वनडे खेले हैं। वह 26 वनडे के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने। उनके 1352 रन हो चुके हैं।*

### टीम इंडिया को 'प्रयोग' ले डूबा

भारतीय टीम ने इस मुकाबले के लिए नियमित कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को रेस्ट दिया था। ऐसे में हार्दिक पंड्या ने टीम की कप्तानी संभाली। पहले वनडे मुकाबले में भी भारतीय टीम ने प्रयोग किए थे, तब 115 रनों के टारगेट को हासिल करने के एवज में उसने पांच विकेट खो दिए थे। कोहली तो बैटिंग के लिए भी नहीं आए थे, वहीं रोहित पांच विकेट गिरने के बाद खेलने उतरे।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किशन का अथानाजे बो शेपर्ड | 55 | 55 | 6 | 1 |
| गिल का जोसफ बो मोती | 34 | 49 | 5 | 0 |
| सैमसन का किंग बो कारिया | 09 | 19 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल का होप बो शेपर्ड | 01 | 08 | 0 | 0 |
| हार्दिक पंड्या का किंग बो सील्स | 07 | 14 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार का अथानाजे बो मोती | 24 | 25 | 3 | 0 |
| जडेजा का कारिया बो शेपर्ड | 10 | 21 | 0 | 0 |
| शार्दुल पगबाधा जोसफ | 16 | 22 | 2 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 08 | 23 | 1 | 0 |
| मलिक का कार्टी बो जोसफ | 00 | 02 | 0 | 0 |
| मुकेश का हेटमायर बो मोती | 06 | 07 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 40.5 ओवर में 181/10
गेंदबाजी : मायर्स 5-0-18-0, सील्स 6-0-28-1, जोसफ 7-0-35-2, मोती 9.5-0-36-3, शेपर्ड 8-1-37-3, कारिया 5-0-25-1.

| वेस्टइंडीज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किंग पगबाधा बो ठाकुर | 15 | 23 | 3 | 0 |
| मायर्स का मलिक बो ठाकुर | 36 | 28 | 4 | 2 |
| अथानाजे कॉ किशन बो ठाकुर | 06 | 09 | 0 | 0 |
| शाई होप नाबाद | 63 | 80 | 2 | 2 |
| हेटमायर बो कुलदीप | 09 | 15 | 0 | 0 |
| कीसी कार्टी नाबाद | 48 | 65 | 4 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 36.4 ओवर में 182/4
गेंदबाजी : पंड्या 6.4-0-38-0, मुकेश 3-0-17-0, उमरान 3-0-27-0, शार्दुल 8-0-42-3, कुलदीप 8-0-30-1, जडेजा 6-0-24-0, अक्षर 2-1-4-0.

---

# भारतीय महिला टीम ने स्पेन को 3-0 से हराया



एजेंसी ▶▶ बार्सिलोना

भारतीय महिला हॉकी टीम ने दबदबे भरा प्रदर्शन करे हुए रविवार को यहां स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौवीं वर्षगांठ पर हो रहे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में मेजबान स्पेन पर 3-0 से आसान जीत दर्ज की।

भारतीय टीम को अभी तक टूर्नामेंट में हार का सामना नहीं करना पड़ा है, उसके लिए वंदना कटारिया ने 22वें मिनट, मोनिका ने 48वें मिनट और उदिता ने 58वें मिनट में गोल दागे। शनिवार को इंग्लैंड पर सफलता से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर से ही मजबूत शुरुआत की। मेहमान टीम और स्पेन की तरफ से पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ। दूसरे क्वार्टर में भारत की लालरेमसियामी ने रिबाउंड को गोलकीपर के पास स्मैश किया और वहीं मौजूद वंदना ने इसे छुआकर गोललाइन के अंदर पहुंचा दिया। भारत ने मोनिका के पेनल्टी कॉर्नर पर 48वें मिनट में किए गये गोल से बढ़त दोगुनी कर दी। हूटर बजने से दो मिनट पहले उदिता ने बेहतरीन ड्रिब्लिंग का नजारा पेश करते हुए तीसरा गोल दाग दिया।

## 22 राज्य इकाईयों ने बैठक में लिया हिस्सा

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह ने दावा किया कि 25 में से 22 राज्य इकाईयों ने रविवार को उनके द्वारा बुलाई गयी एक बैठक में हिस्सा लिया और साथ ही उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को महासंघ के चुनावों के लिए विभिन्न पदों पर उनके उम्मीदवारों की घोषणा 31 जुलाई को की जायेगी। नामांकन भरने की अंतिम तारीख सोमवार तक है। भाजपा सासंद बृज भूषण ने यहां पांच सितारा होटल में यह बैठक बुलाई। उन्होंने कहा, 'डब्लूएफआई से जुड़े 25 राज्य इकाईयों में से 22 ने बैठक में हिस्सा लिया। हमारे उम्मीदवारों की घोषणा सोमवार को की जाएगी।'

---

## विश्व विश्वविद्यालय खेल

# अमन-प्रगति की कम्पाउंड टीम ने जीता स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमन सैनी और प्रगति की कम्पाउंड मिश्रित तीरंदाजी टीम ने रविवार को चीन के चेंगदू में विश्व विश्वविद्यालय खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया जो भारत का इस प्रतियोगिता में चौथा सोने का पदक रहा। अमन और प्रगति ने रोमाचंक फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया के सुआ चो और सेउंग्युन पार्क को 157-156 से हराया। कांस्य पदक मिंग चिंग लिन और ज्वेई वु की चीनी ताइपे जोड़ी ने हासिल किया।

भारत इस समय चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदक जीतकर तालिका में चौथे स्थान पर है।

भारतीयों ने तीरंदाजी में पुरुषों और महिलाओं की कम्पाउंड टीम स्पर्धा में दो और पदक जीते। संगमप्रीत बिस्ला, अमन सैनी और ऋषभ यादव की पुरुष कम्पाउंड टीम ने कोरियाई प्रतिद्वंद्वियों मिनचांग क्वोन, हाकजिन सिम और सेयुग्युन पार्क के खिलाफ 229-225 के स्कोर से जीत हासिल कर कांस्य पदक जीता। पूर्वशा, प्रगति और अवनीत की महिला कम्पाउंड तिकड़ी फाइनल में सूईन समि, सेयुगयिओन हान और सुआ चो की कोरियाई टीम से 224-229 से हार गई जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### निशानेबाजी में भी दो पदक

तीरंदाजी के अलावा भारतीयों ने निशानेबाजी में भी दो पदक जीते। विजयवीर, उदयवीर सिद्धू और आदर्श सिंह ने कुल 1729 के स्कोर से 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। सूर्य प्रताप, सरताज सिंह और ऐश्वर्य तोमर ने 50 मीटर राइफल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। विजयवीर ने 583 अंक से 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के व्यक्तिगत फाइनल में प्रवेश कर लिया है। ऐश्वर्य ने भी 50 मीटर राइफल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई।

## हिंसा ने मेरा घर, सपना सब कुछ छीन लिया

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉलर चिंगलेनसाना सिंह कोझिकोड में मई की एक उमस भरी शाम जब मैदान से ड्रेसिंग रूम लौटे तो उन्होंने देखा कि उनके फोन पर बहुत सारे 'मैसेज' और 'मिस्ड कॉल' थीं। चिंतित चिंगलेनसाना ने तुरंत वापस फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। चूराचांदपुर जिले के खुमुजामा लेकेई के रहने वाले चिंगलेनसाना ने कहा, 'इसने हमारे से सब कुछ छीन लिया, हमने जो भी कमाया था, हमारे पास जो भी था। मैंने खबर सुनी कि हमारा घर जला दिया गया है और इसके बाद चूराचांदपुर में मैंने जो फुटबॉल टर्फ बनाई थी उसे जला दिया गया। यह दिल तोड़ने वाला था। मैंने युवाओं को मंच मुहैया कराने का बड़ा सपना देखा था लेकिन यह छीन लिया गया। भाग्य से मेरा परिवार हिंसा से बच गया और उन्हें राहत केंद्र में रखा गया।'

---

जूनियर एवं सीनियर ट्रायथलॉन प्रतियोगिताएं

# सीनियर ट्रॉयथलॉन में भोपाल के दिव्यांश रहे अव्वल, महिला श्रेणी में आध्या ने मारी बाजी

भोपाल

मध्य प्रदेश ट्रायथलॉन संघ के तत्वाधान में रविवार को मध्य प्रदेश क्याकिंग-कैनोइंग सेंटर छोटा तालाब में 27वीं मध्य प्रदेश जूनियर एवं सीनियर ट्रायथलॉन प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रदेश के 16 जिलों के 64 बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख आरके गुप्ता ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जो खिलाड़ी पदक प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं, वे निराश न हों क्योंकि इस कठिन प्रतियोगिता में भाग लेकर पूर्ण करना ही बड़ी बात है। प्रतियोगिता में प्रत्येक खिलाड़ी को 750 मीटर तैराकी 20 किलोमीटर साइकिलिंग एवं 5 किलो मीटर निरंतर रनिंग करनी पड़ती है। प्रतियोगिता का शुभारंभ संघ के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी एवं सचिव जेपी सक्सेना ने झंडी दिखाकर किया।

### इन खिलाड़ियों ने हासिल की सफलता

सीनियर ट्रॉयथलॉन पुरुष में भोपाल के दिव्यांश परिहार 01:15:03.56 समय लेकर प्रथम रहे। वहीं दूसरा स्थान भी भोपाल के ही अंकित झा ने प्राप्त किया। उन्होंने 01:28:08.60 मिनट का समय लिया। इसके साथ ही तीसरे स्थान पर भी भोपाल के ही कमलेश चांदवानी रहे। उन्होंने 01:50:21.42 मिनट का समय लिया। सीनियर ट्रॉयथलॉन महिला में भोपाल की आध्या सिंह प्रथम रहीं। आध्या ने 01:14:15.05 मिनट का समय लेकर यह स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे नंबर पर जबलपुर की रमा सोनकर रहीं। उन्होंने 01:23:51.46 मिनट का समय लिया।




इसी तरह तीसरे नंबर पर 01:50:04.67 मिनट का समय लेकर भोपाल की विधि बोंडे रहीं। जूनियर ट्रॉयथलॉन बालक वर्ग में भोपाल के रोशन गोंड ने पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 01:06:40.28 मिनट का समय लेकर यह स्थान पाया। इसी प्रकार भोपाल के अंकुर चाहर ने 01:06:41.41 मिनट लेकर दूसरा स्थान पाया। वहीं भोपाल के ही अभिषेक मोडलवाल को तीसरा स्थान मिला। उन्होंने 01:07:37.38 मिनट का समय लिया। जूनियर ट्रॉयथलॉन बालिका वर्ग में भोपाल की द्रुविंशा पवार ने 01:14:17.00 मिनट लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार भोपाल की ही आरना मुरमकर ने 01:36:12.98 मिनट का समय लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं रितिका पाटनी 01:46:58.36 मिनट समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

---

## देवधर ट्रॉफी : शिवम चौधरी और यश दुबे के अर्धशतक

# मध्य क्षेत्र ने उत्तर को आठ विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ पुडुचेरी

स्पिनरों की उम्दा गेंदबाजी के बाद शिवम चौधरी और यश दुबे के अर्धशतक से मध्य क्षेत्र ने रविवार को यहां देवधर ट्रॉफी के राउंड रोबिन मैच में पूर्वोत्तर को आठ विकेट से हरा दिया। मध्य क्षेत्र ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और पूर्वोत्तर को 49 ओवर में 164 रन पर ढेर कर दिया।

मध्य क्षेत्र ने इसके बाद शिवम (85) और यश (72) के बीच दूसरे विकेट की 153 रन की साझेदारी की बदौलत 33 ओवर दो विकेट पर 165 रन बनाकर जीत दर्ज की। चौधरी ने 90 गेंद का सामना करते हुए सात चौके और दो छक्के मारे जबकि दुबे की 91 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का शामिल रहा। मध्य क्षेत्र की चार मैच में यह पहली जीत है और छह टीमों के टूर्नामेंट में टीम चौथे स्थान पर चल रही है। पूर्वोत्तर की टीम एक जीत और दो हार के साथ पांचवें स्थान पर है।



### चौकड़ी को चार विकेट

पहले बल्लेबाजी करने उतरी पूर्वोत्तर की टीम कभी भी लय में नजर नहीं आई। टीम ने छठे ओवर में 17 रन तक ही दो विकेट गंवा दिए। आदित्य सरवटे (तीन विकेट), सारांश जैन (दो विकेट), यश कोठारी (दो विकेट) और कर्ण शर्मा (एक विकेट) की चौकड़ी ने मिलकर आठ विकेट चटकाए। शिवम मावी (एक विकेट) और यश ठाकुर (एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। पूर्वोत्तर की ओर से कामशा यांगफो (35) शीर्ष स्कोर रही। आशीष थापा (31), रेक्स सिंह (27) और एल केशांगबम (24) भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे।

### पांच विकेट से जीता दक्षिण क्षेत्र

*पुडुचेरी। मयंक अग्रवाल और साई सुदर्शन के अर्धशतक से दक्षिण क्षेत्र ने रविवार को यहां देवधर ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामिट के राउंड रोबिन मुकाबले में पूर्व क्षेत्र को पांच विकेट से हरा दिया। अग्रवाल (84) और सुदर्शन (53) ने दूसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण क्षेत्र ने 230 रन के लक्ष्य को 44.2 ओवर में पांच विकेट पर 230 रन बनाकर हासिल कर लिया। अग्रवाल ने 88 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और एक छक्का मारा जबकि सुदर्शन की 57 गेंद की पारी में चार चौके और एक छक्का शामिल रहा।*

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भारत का सेमीकंडक्टर अभियान केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए नहीं: जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर अभियान केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य भरोसेमंद विनिर्माण के लिए वैश्विक मांग को पूरा करने में सहयोग देना भी है।

जयशंकर ने एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए दुनिया भर की अग्रणी सेमीकंडक्टर कंपनियों के शीर्ष कार्यकारी अधिकारियों से कहा कि उनके निर्णयों तथा संबंधों के निहितार्थ तात्कालिक कारोबार से परे हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था की 'री- इंजनीयरिंग' में योगदान दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि भरोसा तथा पारदर्शिता डिजिटल क्षेत्र के भविष्य में अहम मुद्दों के रूप में उभर कर सामने आई है और ऐसे प्रश्न कि हमारा डेटा कौन संसाधित करता है और कौन उसका फायदा लेता है। कृत्रिम मेघा की इस दुनिया में बेहद अहम है।

विदेश मंत्री ने कहा कि वास्तव में हम अब बुनियादी विनिर्माण और रोजमर्रा की वस्तुओं तथा सेवाओं को भी उनके डेटा निहितार्थ से अलग नहीं कर सकते।

उन्होंने अहम प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत के लक्ष्य और रुख पर भी विस्तार से जानकारी दी।

विदेश मंत्री ने कहा कि हमारा सेमीकंडक्टर अभियान केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य भरोसेमंद विनिर्माण के लिए वैश्विक मांग को पूरा करने में सहयोग देना भी है। यह 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर वर्ल्ड' का सशक्त उदाहरण है।

> भारत का सेमीकंडवटर अभियान केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य भरोसेमंद विनिर्माण के लिए वैश्विक मांग को पूरा करने में सहयोग देना भी है।

**सेमीकॉनइंडिया कॉन्फ्रेंस 2023 में कहा**



**वैश्विक मांग को पूरा करने में सहयोग**

गुजरात के गांधीनगर में 'सेमीकॉनइंडिया कॉन्फ्रेंस 2023' को वर्चुअल तरीके से संबोधित करते हुए जयशंकर ने अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत के बढ़ते सहयोग का भी जिक्र किया। साथ ही उन्होंने सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला तथा नवोन्मेषी साझेदारी पर एक समझौता ज्ञापन का जिक्र किया जो मार्च में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना एम रायमोंडो की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान हुआ था। उन्होंने कहा, ''इसमें एक सहयोगात्मक तंत्र स्थापित करने की बात है जो अमेरिका के 'चिप्स एवं विज्ञान अधिनियम' तथा भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के उत्पाद सहयोग को प्रदर्शित करेंगे।''

## इसरो ने रचा नया इतिहास, 7 सैटेलाइट्स किए लॉन्च

**एजेंसी, श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने रविवार (30 जुलाई) को एक साथ 7 सैटेलाइट्स लांच कर अंतरिक्ष के इतिहास में एक नयी उपलब्धि हासिल की है। इनमें 1 स्वदेशी और सिंगापुर के 6 सैटेलाइट शामिल हैं। इन उपग्रहों को पीएसएली-सी56 रॉकेट के जरिए आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया। पीएसएलवी-सी56 न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड का मिशन है, जो इसरो की कॉमर्शियल ब्रांच है। सिंगापुर के पृथ्वी प्रेक्षण उपग्रह डीएस-एसएआर और 6 अन्य उपग्रहों को लेकर पीएसएलवी-सी56 रॉकेट ने रविवार सुबह 6.30 बजे उड़ान भरी। इसी महीने बहुप्रतीक्षित चंद्रयान-3 को प्रक्षेपित करने के बाद अब पीएसएलवी-सी56 लॉन्च इसरो की महीने भर के भीतर एक और बड़ी उपलब्धि है।



### साल का तीसरा कॉमर्शियल मिशन

इसरो का इस साल ये तीसरा कॉमर्शियल मिशन है। मार्च में एलवीएम-3 रॉकेट से ब्रिटेन के वन-वेव से जुड़े 36 उपग्रहों को लॉन्च किया था। इसके बाद अप्रैल में पीएसएलवी रॉकेट से सिंगापुर के 2 उपग्रहों को लॉन्च किया गया था। लांच सैटेलाइट सभी मौसम में दिन और रात की तस्वीरें लेने में सक्षम होगा।

## खबर संक्षेप

### वैगनर ग्रुप के लड़ाकों को देख दहशत में पोलैंड

**वॉरसा।** पोलैंड के प्रधानमंत्री मैटिअस्ज़ मोराविएकी ने कहा कि बेलारूस में रूस से जुड़े वैगनर समूह के 100 से अधिक सैनिक पोलैंड के साथ सीमा के करीब चले आये हैं। इसके चलते पोलैंड के लिए खतरा बढ़ रहा है। अब स्थिति और भी खतरनाक हो गई है। उन्होंने कहा कि वैगनर समूह के सैनिक सुवालकी गैप के करीब चले आये हैं, जो बेलारूस और कलिनिनग्राद के बीच स्थित पोलैंड क्षेत्र का एक रणनीतिक विस्तार है। पोलैंड की सरकार ने रूस और बेलारूस पर यूरोपीय संघ के देशों को अस्थिर करने का आरोप लगाया है।



### ईरानी अफसर गे सेक्स के आरोप में बर्खास्त

**तेहरान।** ईरान के एक अफसर रजा साघाती का गे सेक्स टेप वायरल होने के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। कुछ दिन पहले रजा का एक दूसरे पुरुष के साथ वीडियो वायरल हुआ था। सरकार ने इस मामले को दबाने की काफी कोशिश की, लेकिन वो इसमें कामयाब नहीं हो सकी। ईरान के शरिया कानून के मुताबिक, रजा को गे सेक्स (समलैंगिक संबंध) का दोषी पाया गया तो उसे सजा-ए-मौत दी जा सकती है। वे राज्य के कल्चर एंड इस्लामिक गाइडेंस डिपार्टमेंट के चीफ थे। जिस पर शरिया कानून सख्ती से लागू कराने की जिम्मेदारी थी।



### ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के लड़के पर हमला

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में भारतीय मूल के लड़के पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला किया। घटना मेलबर्न के सब-अर्बन एरिया टारनेट में हुई। जख्मी लड़के का नाम रायन सिंह है। घटना के वक्त रायन फ्रेंड्स के साथ बास्केबॉल खेल रहा था और घर पर पेरेंट्स उसके 16वें बर्थडे की पार्टी की तैयारी कर रहे थे। हमले में रायन के दो दोस्त भी घायल हुए हैं। रायन और उसके दोस्त हमलावरों को नहीं जानते थे। रायन इस वक्त हॉस्पिटल में एडमिट है। 20 साल के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### जेल जाएं ट्रंप, तब भी बन सकते हैं राष्ट्रपति!

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होगा जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। कानूनी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सबसे आगे माना जा रहा है। हालांकि भारतीय मूल के तीन अमेरिकी विवेक रामास्वामी, निक्की हेली और हर्ष वर्धन सिंह उन्हें चुनौती दे रहे हैं। रिपब्लिकन पार्टी का राष्ट्रीय सम्मेलन 15-18 जुलाई 2024 को मिल्वौकी, विस्कॉन्सिन में होगा जहां राष्ट्रपति पद के आधिकारिक उम्मीदवार का औपचारिक रूप से चयन होगा।



## पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला

# रैली में हुए विस्फोट में 50 की मौत, 200 घायल



एजेंसी ▶▶ पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य के बाजौर में एक राजनैतिक रैली के दौरान विस्फोट हुआ। पुलिस ने इसे आतंकी हमला बताया है। ब्लास्ट के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने और रेस्क्यू करने टीम के साथ स्थानीय लोग भी जुट गए हैं। पुलिस के मुताबिक घटना बाजौर की खार तहसील की है। यहां सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल जमीयत उलेमा इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) की रैली चल रही थी। इस दौरान हुए ब्लास्ट में अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है और 200 से अधिक लोग घायल हैं। जेयूआई-एफ एक कट्टर इस्लामी संगठन है और इसके तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अफगान तालिबान से करीबी रिश्ते हैं।

### जेयूआई-एफ की रैली में शामिल थे 500 लोग

खार में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल जेयूआई-एफ का कार्यकर्ता सम्मेलन चल रहा था। जिसे वरिष्ठ नेता हाफिज हमदुल्लाह संबोधित करने वाले थे, लेकिन वो यहां पहुंच नहीं सके।

जानकारी के मुताबिक घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। मौके पर पांच एंबुलेंस पहुंच गई हैं। घटना बाजौर की खार तहसील की है, जहां शाम 4 बजकर 30 मिनट के करीब जबरदस्त विस्फोट हुआ। माना जा रहा है कि हमलावर पार्टी समर्थकों के बीच ही मौजूद था। इसलिए इसे फिदायीन हमला माना जा रहा है।

### पहले भी हो चुका है हमला

हाफिज हमदुल्लाह ने इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने इस घटना की गहराई से जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने इस मसले को संसद में उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा, "मैं विस्फोट की कड़ी निंदा करता हूं। इसके पीछे के लोगों को संदेश देना चाहता हूं कि यह जिहाद नहीं बल्कि आतंकवाद है।" उन्होंने जोर देकर कहा, "आज की घटना मानवता और बाजौर पर हमला है। इस घटना की जांच की जानी चाहिए। यह पहला नहीं था जब जेयूआई-एफ को निशाना बनाया गया था। ऐसा पहले भी हो चुका है। हमारे कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया है।

## सेना का जवान किराने का सामान खरीदने कार से चावलगाम गया था

# ईद की छुट्टी पर घर आया सेना का जवान लापता, कार पर मिले खून के निशान

> कुलगाम में एक सेना का जवान शनिवार से लापता है। घर का सामान लेने के लिए जिस कार से यह जवान निकला था वो कार मिल गई है,उसमें खून के धब्बे और चप्पल मिली है। सेना ने सर्च ऑपरेशन चलाकर जवान की तलाश शुरू कर दी है।

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम से सेना का जवान अचानक लापता हो गया है। लेह लद्दाख में पदस्थ यह जवान ईद के त्योहार पर छुट्टी लेकर घर आया था। शाम के समय वह घर से अपनी गाड़ी से सामान खरीदने के लिए निकला था। इसके बाद से वह लापता है। उनकी तलाश में सेना और पुलिस तलाशी अभियान चला रही है। जानकारी के अनुसार, जो जवान लापता है, उसकी पहचान जावेद अहमद वानी (25) पुत्र मोहम्मद अय्यूब वानी के रूप में हुई है। वे कुलगाम के अश्थल के निवासी है।

**खास बातें**

- आर्मी ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन
- परिवार ने अपहरण की आशंका जताई
- 26 साल का आर्मी जवान लेह में पोस्टेड था
- छुट्टी के आखिरी दिन हुआ लापता





### मां बोलीं- बेटे को लौटा दो

वानी की मां का भी एक वीडियो सामने आया है। इसमें वो अपील कर रही हैं, सबसे कहना चाहती हूं कि मेरे बेटे को घर लौटा दे। वो निर्दोष है और छोटा है। अगर उसने कुछ गलत किया है तो मैं माफी मांगती हूं। मीडिया से बात करते हुए जावेद के रिश्तेदार असद रवानी ने बताया कि उन्हें पता चला कि जावेद को किसी ने 'उठाया' है। उन्होंने कहा, कि मैं उन नौजवानों से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि खुदा की खातिर जावेद को छोड़ दो। उसके माता-पिता बहुत परेशान हैं। उनके ऊपर रहम करो। वह ईद पर आया था, वापस जाने वाला था।

### राशन लेने के लिए घर निकले थे जावेद

जावेद की इस समय पोस्टिंग लेह (लद्दाख) में थी। ईद-उल अजहा पर छुट्टी लेकर आए हुए थे। ईद के बाद से ही वह अपने घर पर परिवार के साथ छुट्टियां बिता रहे थे। शनिवार की रात करीब आठ बजे से वह लापता है। परिजनों ने बताया कि जावेद अपनी अल्टो कार से खाने-पीने का सामान खरीदने के लिए चावलगाम गए हुए थे। जावेद जब घर वापस नहीं आए तो उनकी तलाश शुरू की गई।

### पहले भी जवानों के हुए अपहरण

बता दें, जम्मू-कश्मीर में सेना के जवान की किडनैपिंग का यह पहला केस नहीं है। इससे पहले भी कई ऐसे मामले सामने आए हैं। ऐसा ही एक मामला मई 2017 में भी सामने आया था। छुट्टी पर घर आए एक युवा सैन्य अधिकारी का शोपियां जिले से आतंकवादियों ने किडनैप कर लिया था। बाद में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी। साल 2022 में, आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने भारतीय सेना के एक जवान समीर अहमद मल्ल का अपहरण कर लिया था। बाद में जवान की हत्या कर दी गई थी।

### परिवार को अपहरण होने की आशंका

तलाशी के दौरान जावेद की कार कुलगाम के पास ही प्रानहाल से बरामद कर ली गई। गाड़ी अनलॉक्ड स्थिति में पाई गई थी। कार में जवान की चप्पलें और खून के धब्बे मिले हैं। जावेद की खोजबीन के लिए सेना और पुलिस संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। जावेद के परिवार का दावा है कि उन्हें किडनैप कर लिया गया है। हालांकि, पुलिस या सेना ने अब तक इस दावे की पुष्टि नहीं की है।


## 5 और 6 अगस्त को हो सकता है यूक्रेन का पीस समिट

# रूस-यूक्रेन जंग को रोकने के लिए भारत सहित 30 देश करेंगे मंथन

एजेंसी ▶▶ कीव

सऊदी अरब अगस्त में यूक्रेन की तरफ से आयोजित एक पीस समिट को होस्ट करने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक, जेद्दाह में होने वाले इस समिट में रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए बातचीत शुरू करने की कोशिश की जाएगी। इस बैठक में यूक्रेन के अलावा भारत, ब्राजील और साउथ अफ्रीका भी शामिल होंगे। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन की सरकार के एक उच्च अधिकारी के भी समिट में शामिल होने की उम्मीद है। इसमें रूस को न्योता नहीं दिया जाएगा। कीव तेजी से इस समिट की तैयारी कर रहा है।

### सऊदी और रूस के रिश्ते मजबूत



वहीं, सऊदी अरब और यूक्रेन के बायलैटरल रिलेशन्स को लेकर जेलेंस्की ने कहा था- सऊदी हमारे लिए अहम है, हम आपसी सहयोग को एक नए मुकाम पर ले जाने के लिए तैयार हैं। सऊदी अरब ने इस साल की शुरूआत में यूक्रेन को 400 मिलियन डॉलर की मदद देने की बात कही थी।

### अरब लीग समिट में शामिल हुए थे जेलेंस्की

यह समिट 5-6 अगस्त को होगी और इसमें 30 देश हिस्सा लेंगे। उन्होंने रूस-यूक्रेन जंग के बीच अपने देश के लिए सपोर्ट मांगा था। जेलेंस्की ने कहा था- हम शांति और इंसाफ चाहते हैं। हमारे पास उतनी मिसाइलें नहीं हैं जितने हमारे दुश्मन के पास है।

## पुणे में गिरफ्तार आतंकियों के पास

# ड्रोन, 500 जीबी डेटा और बम बनाने का सर्किट मिला

एजेंसी ▶▶ पुणे

पुणे के कोथरूड इलाके से गिरफ्तार दो संदिग्ध आतंकियों के फ्लैट से एटीएस ने एक अत्याधुनिक ड्रोन जब्त किया है। तीनों संदिग्ध आतंकी पुणे के कोंडवा इलाके में चेतना गार्डन सोसायटी के फ्लैट में रहते थे। तीनों संदिग्ध आंतकियों को आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की एडवांस ट्रेनिंग मिली है, ये जानकारी जांच के दौरान एटीएस को दोनों आतंकियों ने बताई है। तीसरे फरार संदिग्ध आंतकी का नाम शहानवाज आलम है। एक और जिसने इन तीनों को घर दिलाने में मध्यस्थता की थी उसका नाम पठाण हैं और उसे एटीएस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। चौथा मदद करने वाला रत्नागिरी का रहने वाला है, और इसने तीनों संदिग्ध आतंकियों को पैसे देकर मदद की है। इसकी पहचान काझी के नाम से हुई है। संदिग्धों के फ्लैट से मिला 500 जीबी डेटाएटीएस को इस फ्लैट से 500 जीबी डेटा मिला है जिसे एनालिसिस करना है। ये 500 जीबी डाटा एफएसएल को भेजा गया है। एटीएस को इस फ्लैट से बम बनाने का सर्किट मिला है। ये तीनों संदिग्ध आतंकी ब्लास्ट की टेस्टिंग जंगल में किया करते थे।

## दुश्मन की निगाह पर नजर

# तेजस की कश्मीर में तैनाती प्रैक्टिस कर रहे पायलट



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

भारतीय वायु सेना ने जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा एयरबेस पर हल्के लड़ाकू विमान तेजस एमके-1 को तैनात किया है। सेना का कहना है कि उसके पायलट घाटी में उड़ान का अनुभव ले रहे हैं। कश्मीर, पड़ोसी देशों चीन-पाकिस्तान के लिहाज से संवेदनशील है। तेजस एमके-1 मल्टीरोल हल्का लड़ाकू विमान है जो वायुसेना को कश्मीर के जंगल और पहाड़ी इलाकों में और मजबूत करेगा। भारतीय वायु सेना के पास मौजूदा वक्त में 31 तेजस विमान हैं। सेना जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अपने विमानों को पहले भी ले जाती रहती है ताकि उन्हें हिमालय की घाटियों में उड़ान भरने का एक्सपीरियंस मिलता रहे। बता दें कि वेस्टर्न कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ एयर मार्शल पीएम सिन्हा ने 27 जुलाई को अवंतीपोरा एयरबेस का दौरा किया।

### मिग-21 की जगह लेगा तेजस

भारतीय वायु सेना तेजस की क्षमता बढ़ाने का पुरजोर समर्थन कर रही है। वायु सेना ने पहले ही अपने दो स्क्वाड्रनों को इसके इनीशियल और फाइनल ऑपरेशन की मंजूरी दे दी है। पिछले पांच दशक में 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश होने की वजह से भारत सरकार इसे हटाना चाह रही है। तेजस, मिग-21 की जगह लेने में कामयाब हुआ। वजन कम होने की वजह से यह समुद्री पोतों पर भी आसानी से लैंड और टेक ऑफ कर सकता है। यही नहीं, इसकी हथियार ले जाने की क्षमता मिग-21 से दोगुनी है। तेजस की गति 300 किमी प्रति घंटा है जो राफेल से भी अधिक है। फरवरी 2023 में वायुसेना ने पहली बार लड़ाकू विमान तेजस को मिलिट्री एक्सरसाइज के लिए देश से बाहर भेजा था। यूएई में डेजर्ट फ्लैग नाम से 27 फरवरी से 17 मार्च तक मिलिट्री एक्सरसाइज हुई, जिसमें भारत की तरफ से 5 तेजस, 2 सी-17 शामिल हुए थे।

### मार्क1ए और एलसीए मार्क-2 भी करेंगे चौकसी

वहीं मार्क1ए के 83 विमानों के लिए भी एक अनुबंध किया गया है। ये सभी 83 विमान एक या दो साल में सेना को मिल जाएंगे। सेना की नजर डीआरडीओ में विकसित किए जा रहे एलसीए मार्क-2 और एडवांस्टड मल्टीरोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एएमसीए पर भी है। ये लड़ाकू विमान पहले से ही पाकिस्तानी और चीनी जेएफ-17 फाइटर जेट की तुलना में कहीं ज्यादा ताकतवर हैं। इसमें हैमर जुड़ने से यह विमान और ज्यादा हाईक्लास हो गया है।

## मॉस्को में यूक्रेन के ड्रोन हमले से मचा हड़कंप

# रशियन आर्मी ने जवाबी कार्रवाई में कई ड्रोंस किए ढेर

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस की राजधानी मॉस्को में एक साथ कई ड्रोन के हमले से मॉस्को में हड़कंप मच गया। रूसी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कई ड्रोन्स को मार गिराया है। ड्रोन हमले के बाद मॉस्को में एयर ट्रैफिक रोक दिया गया है। हमले में दो इमारतों को नुकसान पहुंचा है। रूसी राजधानी मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने टेलीग्राम पर पोस्ट किया, 'यूक्रेनी ड्रोन ने आज रात हमला किया। शहर के दो कार्यालय टावरों के आगे के हिस्से मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गए, कोई पीड़ित या घायल नहीं है।'



### पहले भी घुसे थे यूक्रेनी ड्रोन

दो दिन पहले भी यूक्रेन के ड्रोन ने मॉस्को पर हमला करने की कोशिश की थी, जिसे रूसी सेना ने नाकाम कर दिया था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रात में यूक्रेन के ड्रोन हमले को विफल कर दिया है। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए मैसेज में जानकारी दी कि 'मानवरहित वाहन को रूसी एयर डिफेंस ने नष्ट कर दिया। कोई हताहत या क्षति नहीं हुई है।' इस महीने की शुरुआत में रूस ने पांच यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराने का दावा किया था, जिन्होंने मॉस्को के वनुकोवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कामकाज को बाधित किया था।

**रूस-यूक्रेन युद्ध में ड्रोन निभा रहे अहम भूमिका**

ब्रिटेन के एक थिंक टैंक रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट ने बीते दिनों एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें बताया गया कि रूस यूक्रेन युद्ध में भारी संख्या में ड्रोन्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन अब युद्धक्षेत्र में हर महीने करीब 10 हजार ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रहा है। यूरोपीय देशों, अमेरिका और अन्य देशों से यूक्रेन को बड़ी संख्या में ड्रोन्स मिल रहे हैं। अब रूस की सेना भी बड़ी मात्रा में ड्रोन्स की खरीद कर रही है। रूस जहां इजरायल और ईरान से ड्रोन्स खरीद रहा है।

### हम पर हमला तो हम गोलाबारी नहीं करेंगे बंद

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ जारी युद्ध के बीच कहा है कि एक अफ्रीकी पहल से यूक्रेन में शांति कायम हो सकती है, लेकिन यूक्रेनी हमलों ने इसे साकार करना मुश्किल बना दिया है। पुतिन ने यह बयान सेंट पीटर्सबर्ग में अफ्रीकी नेताओं से मुलाकात करने के बाद दिया। पुतिन ने प्रस्ताव के बारे में कहा, ''इसमें ऐसी चीजें हैं, जिसे लागू करना लगभग असंभव है, जैसे कि युद्ध विराम। यूक्रेन लगातार हम पर हमले कर रहा है। वे बड़े पैमाने पर रणनीतिक आक्रामक अभियान चला रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com